आर.एन.आई नं. 69777/98 / डाक पंजीयन-मालवा डिवीजन/328/2020-22

दैनिक
# हिन्दकुश

hindkush.in jagrayam.com

वर्ष - 27 | अंक - 263 | उज्जैन, मंगलवार 12 अगस्त 2025 | कुल पृष्ठ - 8, | कीमत -1 रुपया

## मेधावी विद्यार्थियों के प्रोत्साहन के लिए तत्पर है राज्य सरकार-मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्कॉलरशिप वितरण कार्यक्रम में मेधावी छात्राओं को छात्रवृत्ति और प्रशस्ति-पत्र प्रदान किए



भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश की प्रति व्यक्ति आय अब बढ़कर 1 लाख 52 हजार रूपए हो गई है, जो वर्ष 2002-03 तक मात्र 11 हजार रुपए थी। पिछले डेढ़ साल में सिंचाई का रकबा साढ़े सात लाख हेक्टेयर बढ़ा है। नदी जोड़ो अभियान के माध्यम से प्रदेश के कई जिलों को लाभ होगा। प्रदेश सभी क्षेत्रों में प्रगति कर रहा है, औद्योगिक गतिविधियों और निवेश को विशेष प्रोत्साहन दिया जा रहा है। मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकार तत्परता पूर्वक हर संभव प्रयास कर रही है। 12वीं बोर्ड की परीक्षा में 75 प्रतिशत से अधिक अंक लाने और शाला में प्रथम आने वाले विद्यार्थियों को लैपटॉप और स्कूटी देने की व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव एक निजी न्यूज चैनल द्वारा आयोजित स्वर्ण शारदा स्कॉलरशिप-2025 वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रतिभाशाली छात्राओं को छात्रवृत्ति और प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव को एमपी बोर्ड की 12वीं की परीक्षा में प्रदेश में प्रथम आने वाली शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, अमरपाटन की कुमारी प्रियल द्विवेदी ने बताया कि वह आगे की पढ़ाई वेल्लोर इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी (वीआईटी) में करने की इच्छुक हैं, परंतु परिस्थिति वश यह संभव नहीं हो पा रहा है। इस पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कुमारी प्रियल द्विवेदी की वीआईटी में पढ़ाई की व्यवस्था राज्य सरकार की ओर से करने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम में 66 छात्राओं को सम्मानित किया, जिसमें प्रत्येक जिले की टॉपर छात्राओं को 50 हजार रुपए, प्रशस्ति-पत्र और प्रदेश में प्रथम आने वाली कु. प्रियल द्विवेदी को एक लाख रुपए तथा उनके स्कूल को भी एक लाख रुपए की राशि का चैक प्रदान किया।

## विपक्ष के हंगामे पर सरकार का बड़ा फैसला, मानसून सत्र खत्म होने से पहले उठाएंगे ये अहम कदम



नई दिल्ली (एजेंसी)। संसद का मानसून सत्र शुरू होने के बाद से ही विपक्ष ने सरकार को घेरने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। संसद से सड़क तक विपक्ष का हल्ला बोल देखने को मिल रहा है। वहीं, संसद सत्र को खत्म होने में कुछ ही दिन बाकी हैं। इसी बीच केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू का बड़ा बयान सामने आया है।

संसदीय मामलों के मंत्री किरण रिजिजू का कहना है कि कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्ष लगातार संसद की कार्यवाही में बाधा डाल रहा है। सरकार अब सभी जरूरी बिलों को खुद ही लोकसभा और राज्यसभा में पास करने पर विचार कर रही है।

दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए किरण रिजिजू ने कहा कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी पार्टियों ने संसद का बहुत समय बर्बाद किया है।

किरण रिजिजू ने कहा- हर बार हम सिर्फ 1 मुद्दे के पीछे संसद और देश का समय बर्बाद नहीं कर सकते हैं। हम जरूरी बिल पास कर लेंगे।

उन्हें सदन में दिलचस्पी नहीं- किरण रिजिजू- किरण रिजिजू का कहना है कि सरकार चाहती थी जरूरी बिलों पर चर्चा हो, लेकिन विपक्ष के द्वारा बार-बार संसद में हंगामा करने के कारण दोनों सदन स्थगित कर दिए गए थे। ऐसा लगता है कि विपक्षी सार्वजनिक हित से जुड़े मुद्दे सदन में उठाने में कोई दिलचस्पी नहीं रखते हैं। उन्हें रोज प्रदर्शन करना अच्छा लगता है।

## निर्मला सीतारमण ने संसद में पेश किया आयकर बिल 2025, क्या-कुछ है खास?



नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण संसद में नया आयकर बिल 2025 पेश किया है। पिछले हफ्ते बिल लोकसभा में पेश किया गया था। हालांकि,लोकसभा स्थगित हो गई थी। आज (11 अगस्त) को वित्त मंत्री फिर से लोकसभा के पटल पर बिल रखा है।

यह नया बिल आयकर अधिनियम, 1961 की जगह लेगा। इससे पहले शुक्रवार को वित्त मंत्री ने बिल सदन में पेश किया था, मगर सदन की कार्रवाई स्थगित होने के कारण उन्हें बिल वापस लेना पड़ा।

आयकर बिल क्यों वापस लिया गया- आयकर बिल वापस लेने के बाद सरकार ने कमेटी के सुझावों पर इसमें कुछ बदलाव किए हैं, जिसके बाद आज इसे फिर से सदन में पेश किया गया है। इसपर बात करते हुए संसदीय मामलों के मंत्री किरण रिजिजू ने कहा- यह माना जा सकता है कि आयकर बिल अब पूरी तरह से नया होगा। इसपर काफी काम किया गया है। यह पुराने बिल से बिल्कुल अलग होगा।

## क्या है डच मॉडल जिससे साफ होगी यमुना, 9000 करोड़ का बजट कहां और कैसे होगा खर्च



नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली प्रदेश में भाजपा की सरकार आने के बाद यमुना की दशा सुधारने के लिए नए सिरे से योजनाएं बनाने का कार्य आरंभ हुआ। वर्ष 2025-26 के बजट में इसके लिए नौ हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।


इसमें से 1500 करोड़ रुपये सीवर ट्रीटमेंट प्लांट और सीवर लाइन की समुचित व्यवस्था पर व्यय किया जाएगा। इसके अलावा, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में यमुना नदी संरक्षण हेतु दो हजार करोड़ रुपये की अतिरिक्त मांग केंद्र सरकार से की गई है।

सरकार ने रिवर सिटी एलायंस की नई योजना अर्बन रिवर मैनेजमेंट प्लान के तहत प्रस्तुत की है। नगर की समस्याओं को दूर किए बिना यमुना नदी की स्थिति में कोई सुधार संभव नहीं है। चूंकि, शहर समस्या का महत्वपूर्ण कारक है, इसलिए इसे ही निवारण का हिस्सा होना होगा।

यमुना कौन करेगा साफ, तय हुई जिम्मेदारी- इस बीच नेशनल मिशन फॉर क्लीन गंगा (एनएमसीजी) ने लक्ष्य साधने के लिए नीदरलैंड के साथ मिलकर नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ अर्बन अफेयर्स (एनआईयूए) और आईआईटी दिल्ली समेत 14 विभागों और एजेंसियों की भूमिका तय की है। यह गठबंधन दीर्घकालिक स्वामित्व और संस्थागत क्षमता सुनिश्चित करने का प्रयास करता है।

दिल्ली जल बोर्ड, दिल्ली विकास प्राधिकरण, दिल्ली नगर निगम, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति जैसी तमाम संस्थानों ने सरकार के साथ मिलकर यमुना की सेहत और जल की गुणवत्ता को बेहतर करने का संकल्प लिया है।

## ऐसी धमकियों के आगे हम नहीं झुकेंगे, असीम मुनीर की न्यूक्लियर अटैक वाली गीदड़भभकी पर MEA की दो टूक



नई दिल्ली (एजेंसी)। हर जंग में भारत से मात खाने वाला पाकिस्तान कभी भी अपनी आदतों से बाज नहीं आता है। एक बार फिर से पाकिस्तान ने परमाणु हमले की गीदड़भभकी दी है। हालांकि, भारत ने दो टूक में कहा कि हम किसी भी ऐसी धमकियों से डरने वाले नहीं।

दरअसल, पाकिस्तान के आर्मी चीफ जनरल असीम मुनीर ने अमेरिका से खुली परमाणु धमकी दी है। एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि अगर पाकिस्तान को हिंदुस्तान के साथ जंग में वजूद का खतरा हुआ, तो हम आधी दुनिया अपने साथ ले डूबेंगे।

मुनीर के बयान पर रूख का दो टूक जवाब- पाकिस्तान के आर्मी चीफ जनरल असीम मुनीर की इस टिप्पणी पर भारतीय विदेश मंत्रालय की ओर से दो टूक जवाब दिया गया। सोमवार को जारी किए गए आधिकारिक बयान में कहा गया कि हमारा ध्यान पाकिस्तानी सेना प्रमुख द्वारा संयुक्त राज्य अमेरिका की यात्रा के दौरान कथित तौर पर की गई टिप्पणियों की ओर आकर्षित किया गया है। परमाणु हथियार लहराना पाकिस्तान का पारंपरिक काम है।

ये एक गैर-जिम्मेदाराना बयान- इस बयान में आगे कहा गया कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय ऐसी टिप्पणियों में निहित गैरजिम्मेदारी के बारे में अपने निष्कर्ष निकाल सकता है, जो ऐसे राज्य में परमाणु कमान और नियंत्रण की अखंडता के बारे में अच्छी तरह से स्थापित संदेह को भी मजबूत करता है जहां सेना आतंकवादी समूहों के साथ मिली हुई है।

## ऐसे लोगों के खिलाफ तुरंत एक्शन लीजिए, स्ट्रीट डॉग्स के मामले में सुप्रीम कोर्ट सख्त



नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली में आवारा कुत्तों की समस्या से करीब सभी परेशान हैं। आए दिन लावारिस कुत्तों के किसी को काटने की खबरें आती हैं। पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले पर स्वतः संज्ञान लिया था। लावारिस कुत्तों के मामले पर सर्वोच्च न्यायालय काफी सख्त है। न्यायालय ने इस संबंध में एक बड़ा आदेश दिया है।

दरअसल, सोमवार को शीर्ष न्यायालय ने आठ हफ्तों के भीतर सड़कों पर घूम रहे लावारिस कुत्तों को पकड़ कर डॉग शेल्टर में भेजने का आदेश दिया है।

## भाजपा क्यों नहीं चुन पा रही अध्यक्ष, RSS के साथ इस नेता के नाम पर मतभेद?



नई दिल्ली (एजेंसी)। NDA यानी सत्तारूढ़ गठबंधन की कप्तान भारतीय जनता पार्टी 2 अहम चुनावों से घिरी हुई है। पहला 9 सितंबर को होने वाले उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए उम्मीदवार को चुनना। साथ ही केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा के बाद अध्यक्ष पद के लिए नेता का चयन करना। चर्चाएं हैं कि इस मुद्दे पर फैसला नहीं होने की वजह भाजपा और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के बीच नाम पर सहमति नहीं बन पाना है। हालांकि, इसे लेकर आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया है।

बीते सप्ताह ही उपराष्ट्रपति उम्मीदवार के चयन की जिम्मेदारी NDA दलों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नड्डा पर छोड़ दी। कहा जा रहा है कि इनमें एक छिपा हुआ संदेश यह भी है कि नड्डा उपराष्ट्रपति चुनाव होने तक अध्यक्ष बने रहेंगे। यानी 9 सितंबर तक। खास बात है कि भाजपा अध्यक्ष पद का चुनाव लंबे समय से लंबित है। नड्डा इस पद पर तीन कार्यकाल से हैं और संभावनाएं जताई जा रही थीं कि चुनाव जून 2024 में हो सकते थे।

द ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, इससे साफ जाहिर होता है कि भाजपा को ऐसे व्यक्ति को अध्यक्ष पद से हटाना मुश्किल होगा, जिसे इतना है ने पीएम मोदी के साथ उम्मीदवार चुनने की जिम्मेदारी दी है। रिपोर्ट के अनुसार, ऐसा कहा जा रहा है कि संघ के विचार इससे अलग हैं। यही वजह है कि पार्टी प्रमुख के नाम को लेकर सहमति नहीं बन सकी है।

संघ और भाजपा के बीच अध्यक्ष पद को लेकर चर्चा 12 जनवरी 2025 को शुरू हुई। रिपोर्ट के अनुसार, उस समय हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर का नाम चर्चा में चल रहा था। हालांकि, दिल्ली चुनाव के चलते चर्चाओं पर कुछ समय के लिए विराम लग गया था।

रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि संघ कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के नाम को लेकर दिलचस्पी दिखा रहा है, लेकिन इस पर दोनों में सहमति नहीं है। वहीं, चर्चाओं में भूपेंद्र यादव और धर्मेंद्र प्रधान जैसे वरिष्ठ नेताओं का नाम भी है।

कहा जा रहा है कि संघ की तरफ से जोर दिए जाने के बाद भाजपा ने संगठन चुनाव में तेजी लाई, लेकिन इसके बाद भी कुछ नहीं हुआ। अब पार्टी उत्तर प्रदेश, हरियाणा, गुजरात, कर्नाटक और दिल्ली में चुनाव में देरी को जिम्मेदार बता रही है। खास बात है कि पार्टी अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए संगठनात्मक जनादेश हासिल कर चुकी है।

# भारत पर हंसो मत..., ट्रंप टैरिफ पर श्रीलंकाई सांसद ने क्या कहा



नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ बम से पूरी दुनिया में असर हुआ है। लेकिन भारत ने अमेरिका के इस कदम के आगे घुटने टेकने से इनकार कर दिया। भारत ने अमेरिकी टैरिफ को लेकर ऐसा कूटनीतिक तमाचा मारा है जिसकी गूंज दुनिया भर में पहुंच चुकी है।

ब्राजील, चीन और रूस समेत कई देश ट्रंप प्रशासन की मनमानी से त्रस्त हैं। इस बीच भारत के पड़ोसी देश श्रीलंका में भी टैरिफ को लेकर चर्चा हो रही है।

दरअसल अमेरिका ने जब भारतीय सामान पर 50 फीसदी का भारी-भरकम टैरिफ थोपा, तो सांसद हर्षा डी सिल्वा ने संसद में भारत-अमेरिका के बढ़ते व्यापारिक तनाव पर चर्चा के दौरान दुनिया को भारत की दरियादिली याद दिलाई।

उन्होंने कहा कि जब श्रीलंका अपने सबसे बुरे आर्थिक दौर से गुजर रहा था, तब भारत ही वह इकलौता मुल्क था जिसने मदद का हाथ बढ़ाया।

भारत ने हमारा साथ दिया था- कोलंबो से सांसद हर्षा ने सांसदों से कहा, भारत का मजाक मत उड़ाओ। जब वे मुश्किल में हैं, तो उनकी हंसी मत उड़ाओ, क्योंकि जब हम मुश्किल में थे, तो सिर्फ उन्होंने ही हमारा साथ दिया था।

डी सिल्वा ने , अभी खेल खत्म नहीं हुआ। हमने कुछ लोगों को हंसते देखा, लेकिन हंसो मत। भारत को उम्मीद थी कि टैरिफ 15 फीसदी तक कम हो जाएगा और हमें भी यही आस थी।

डी सिल्वा श्रीलंका की समगी जन बालवेगया पार्टी के सीनियर मेंबर और पूर्व आर्थिक सुधार मंत्री हैं। उन्होंने भारत की उस मदद को याद किया जब श्रीलंका आर्थिक संकट से जूझ रहा था।

भारत ने 2016 में शुरू हुई श्रीलंका की एम्बुलेंस सेवा के लिए 3.3 टन मेडिकल सामान मुहैया कराया, जो उस वक्त जीवनरेखा बन गया।

हर्षा डी सिल्वा, सांसद, श्रीलंका- हर्षा डी सिल्वा ने एक्स पर भी पोस्ट कर लिखा, उन्होंने एक्स पर लिखा, भारत हमारा सच्चा दोस्त है। मुश्किल वक्त में भारत हमारे साथ खड़ा रहा। हमें उनकी लड़ाई का सम्मान करना चाहिए। भारत की हिम्मत पूरे एशिया के लिए मिसाल है।

जब भारत ने श्रीलंका के लिए बढ़ाया था मदद का हाथ- भारत की मदद सिर्फ मेडिकल सामान तक सीमित नहीं थी। भारत ने श्रीलंका को करीब 5 अरब डॉलर की क्रेडिट लाइन, अनुदान और कर्ज दिए थे। इसमें रिज़र्व बैंक ऑफ इंडिया के जरिए 400 मिलियन डॉलर की करेंसी स्वैप, 500 मिलियन डॉलर की व्यापार देनदारियों को टालना और खाने-पीने, ईंधन व दवाइयों जैसी जरूरी चीजों के लिए 3.1 अरब डॉलर की क्रेडिट सुविधा शामिल थी।

# ये मैसेज मिला तो समझो..., अल जजीरा के पत्रकार को इजरायली सेना ने आतंकी बता मार गिराया; मौत से पहले लिखा था ये संदेश




नई दिल्ली (एजेंसी)। इजरायली सेना के हमले में गाजा में अल जजीरा के 28 साल के पत्रकार अनस अल-शरीफ समेत पांच पत्रकार मारे गए। अनस ने अपनी मौत से पहले एक आखिरी मैसेज सोशल मीडिया पर लिखा था, जिसकी अब चर्चा हो रही है।

इस मैसेज को अनस ने इसे अपनी आखिरी वसीयत बताया था और कहा कि अगर ये बात लोगों तक पहुंचे, तो समझ लें कि इजरायल ने मुझे मार मेरी आवाज को खामोश कर दिया है।

अनस ने लिखा, अगर मेरे ये शब्द तुम तक पहुंचे, तो जान लो कि इजरायल ने मुझे कत्ल कर मेरी आवाज को दबा दिया। खुदा की रहमत और बरकत तुम पर हो। खुदा गवाह है कि मैंने अपनी जिंदगी की पहली सांस से जबालिया रिफ्यूजी कैंप की गलियों में अपनी कौम के लिए आवाज उठाई, उनकी मदद की।

बार-बार पीड़ा के जहर को पिया- अनस ने अपने आखिरी संदेश में गाजा के दर्द को बयां करते हुए कहा, मैंने हर दर्द को करीब से जिया है, बार-बार पीड़ा के जहर को पिया। फिर भी मैंने सच को बिना तोड़-मरोड़ के दुनिया तक पहुंचाया है। खुदा उन लोगों के खिलाफ गवाह है, जो हमारी हत्या पर खामोश रहे, जिन्होंने हमारे बच्चों और औरतों की लाशों को देखकर भी दिल नहीं पसीजा और डेढ़ साल से ज्यादा वक्त से हो रही हमारी कौम की तबाही को नहीं रोका है।

मैं अपनी बेटी को बड़ा होते नहीं देखा सका- अनस ने अपने मैसेज में अपनी बेटी, बेटे, बीवी और मां का जिक्र किया करते हुए लिखा, मैं अपनी बेटी को बड़ा होते नहीं देख सका। अगर मैं शहीद हो जाऊं, तो मैं अपने उसूलों पर कायम रहकर, खुदा से मुलाकात में यकीन रखकर और इस भरोसे के साथ जाऊंगा कि खुदा के पास जो है, वो बेहतर और हमेशा रहने वाला है।

## इंस्टाग्राम इंफ्लुएंसर की बातों में आई मां तो नवजात की हो गई मौत




नई दिल्ली (एजेंसी)। मां बनना एक खूबसूरत अहसास होता है जिसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता है। आजकल लोग डिलिवरी के लिए नए-नए तरीके अपनाने लगे हैं। लेकिन ये कई बार मां और बच्चे किए घातक भी साबित हो सकते हैं।

ऐसा ही एक मामला ऑस्ट्रेलिया से सामने आया है जिसमें एक महिला ने इंस्टाग्राम इन्फ्लुएंसर एमिली लाल से किराए पर लिए गए बर्थिंग पूल में घर पर ही बच्चे को जन्म दिया लेकिन कुछ समय बाद ही नवजात की मौत हो गई।

बर्थिंग पूल में दिया बच्ची को जन्म- द न्यूयॉर्क पोस्ट के मुताबिक, बच्चे की मां ने एमिली लाल, जिन्हें द ऑथेंटिक बर्थकीपर के नाम से भी जाना जाता है, उनसे एक बर्थिंग पूल किराए पर लिया था। बच्चे के जन्म के बाद उन्होंने एमिली को एक संदेश भेजा कि मैंने कर दिया। लेकिन जब उन्हें प्लेसेंटा निकालने में दिक्कत हुई तो उन्हें लगा कि बच्चे के साथ कुछ गड़बड़ है।

बर्थिंग पूल में बच्ची का जन्म, थोड़ी देर बाद नवजात ने तोड़ा दम- इसके बाद बच्चे की मां ने तुरंत एमिली लाल को मैसेज भेजा कि वह जग नहीं रही है, हमें यह भी नहीं पता कि वह सांस ले रही है या नहीं, साथ ही उसका चेहरा भी नीला पड़ रहा है।

## चोर-चोर! बिजनेस क्लास में बैग चोरी करते देख चिल्लाई पत्नी और फिर... दुबई से सिंगापुर जा रही फ्लाइट में मचा बवाल



नई दिल्ली (एजेंसी)। दुबई से सिंगापुर जा रही फ्लाइट में एक शख्स चोरी करते हुए पकड़ा गया। 25 वर्षीय आरोपी ने बिजनेस क्लास में सो रहे शख्स का बैग चुरा लिया। वहीं, जब उसकी पत्नी ने चोर को रंगे हाथों पकड़ा, तो वो सन्न रह गया। आरोपी शख्स एक चीनी नागरिक है, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

द स्ट्रेट्स टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, यह घटना 8 अगस्त की सुबह लगभग 5:30 बजे की है। शुरुआती जांच में पता चला है कि एक कपल बिजनेस क्लास में सो रहे थे। तभी मौके का फायदा उठाते हुए आरोपी ने उसका बैग खिसका दिया। हालांकि, उसकी पत्नी ने चोरी करते हुए आरोपी को रंगे हाथों पकड़ लिया और शोर मचाना शुरू कर दिया।

कैसे पकड़ी गई चोरी- पत्नी की आवाज सुनकर पति की भी आंख खुल गई। ऐसे में शख्स ने बैग को फिर उसी जगह पर रख दिया। इस पूरी घटना की जानकारी चांगी एअरपोर्ट पर मौजूद अधिकारियों को दी गई। चांगी एअरपोर्ट पर फ्लाइट लैंड होने के बाद जब आरोपी से पूछताछ शुरू हुई, तो वो अपनी करतूत पर सफाई नहीं दे सका।

## ब्रिटिश रॉयल एयर फोर्स के F-35B लड़ाकू विमान की जापान में आपात लैंडिंग, तकनीकी खराबी के चलते लिया फैसला



नई दिल्ली (एजेंसी)। ब्रिटेन के रॉयल एयर फोर्स के F-35B लड़ाकू विमान की जापान के कागोशिमा हवाई अड्डे पर आपातकालीन लैंडिंग करानी पड़ी।

स्थानीयी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ब्रिटेन के रॉयल एयर फोर्स के एफ-35बी लड़ाकू विमान को हवा में तकनीकी समस्या आने के बाद इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी।

इमरजेंसी लैंडिंग की ये घटना सुबह लगभग 11:30 बजे (स्थानीय समयानुसार) हुई, जिसके बाद हवाई अड्डे पर रनवे 20 मिनट तक बंद रहा, जिसके चलते कुछ उड़ानों में देरी हुई।

हाल ही के दिनों में ब्रिटिश F-35B लड़ाकू विमान में खराबी का दूसरा मामला है। इससे पहले 14 जून को ब्रिटेन से ऑस्ट्रेलिया जा रहे एक F-35B लड़ाकू विमान में हाइड्रोलिक खराबी आने के बाद उसे केरल के तिरुवनंतपुरम में आपातकालीन लैंडिंग करन पड़ी थी।

हाइड्रोलिक खराबी आने के बाद तिरुवनंतपुरम में हवाई अड्डे पर खड़ा यह स्न-35क्रलड़ाकू विमान ब्रिटेन के लिए उड़ान भरने के लिए अंतिम मंजूरी मिलने से पहले 5 हफ्तों तक केरल में रहा रहा।

F-35B लड़ाकू विमान- F-35B पांचवीं पीढ़ी का स्टील्थ लड़ाकू विमान है, जो ब्रिटेन के HMS प्रिंस ऑफ वेल्स कैरियर स्ट्राइक ग्रुप का हिस्सा है। यह मौजूदा समय में हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अपनी सेवाएं दे रहा है। इसने हाल ही में भारतीय नौसेना के साथ संयुक्त समुद्री अभ्यास पूरा किया है। F-35B अत्याधुनिक स्टील्थ फाइटर जेट है, जिसे लॉकहीड मार्टिन द्वारा बनाया गया है। ये अपनी शॉर्ट टेक-ऑफ और वर्टिकल लैंडिंग के लिए विख्यात है।

# अगर भारत ने... तो हम आधी दुनिया को ले डूबेंगे, पाक आर्मी चीफ ने अमेरिका में फिर अलापा न्यूक्लियर अटैक वाला राग




नई दिल्ली (एजेंसी)। पाकिस्तान के आर्मी चीफ जनरल असीम मुनीर ने अमेरिका से खुली परमाणु धमकी दी है।

फ्लोरिडा के टाम्पा शहर में एक इवेंट में उन्होंने कहा कि अगर पाकिस्तान को हिंदुस्तान के साथ जंग में वजूद का खतरा हुआ, तो हम आधी दुनिया अपने साथ ले डूबेंगे।

यह कार्यक्रम पाकिस्तानी कारोबारी अदनान असद की मेजबानी में हुआ। वह टाम्पा में पाकिस्तान के कंसुलेट हैं। मुनीर ने साफ कहा, हम परमाणु ताकत हैं। अगर हमें लगता है कि हम डूब रहे हैं, तो आधी दुनिया भी साथ ले डुबेंगे।

सिंधु जल समझौता का फिर अलापा राग- मुनीर ने सिंधु जल समझौता को लेकर भी एक बार फिर से गीदड़भभकी दी है। उन्होंने कहा कि अगर भारत ने सिंधु नदी पर कोई डैम बनाया, जो पाकिस्तान के पानी के बहाव को रोके, तो हम दस मिसाइलों से उसे खत्म कर देंगे। मुनीर ने कहा, सिंधु नदी हिंदुस्तान की जागीर नहीं है। हमारे पास मिसाइलों की कोई कमी नहीं है।

यह धमकी अप्रैल में पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत की ओर से संधि को स्थगित करने के फैसले के जवाब में आई है। मुनीर ने दावा किया कि इससे 25 करोड़ लोग भुखमरी का शिकार हो सकते हैं।

भारत को बताया चमकती हुई मर्सिडीज- मुनीर ने भारत को चमकती मर्सिडीज और पाकिस्तान को रेत से भरा डंपिंग ट्रक कहकर दोनों मुल्कों की ताकत का जिक्र किया। उन्होंने कहा, हिंदुस्तान एक फरारी की तरह हाईवे पर चमक रहा है, लेकिन हम रेत से भरा ट्रक हैं।

## जाफर एक्सप्रेस में बम ब्लास्ट से हड़कंप, ट्रेन के 6 डिब्बे पटरी से उतरे



नई दिल्ली (एजेंसी)। पाकिस्तान में जाफर एक्सप्रेस एक बार फिर दुर्घटना का शिकार हो गई है। ट्रेन में बड़ा बम ब्लास्ट देखने को मिला है। यह धमाका बलूचिस्तान के मस्तुंग जिले में हुआ, जिसमें जाफर एक्सप्रेस की 6 बोगियां पटरी से नीचे उतर गई।

पाकिस्तान न्यूज चैनल डॉन के अनुसार, रविवार को जाफर एक्सप्रेस में यह हादसा हुआ। हालांकि, इस हादसे में किसी के हताहत होने की खबर सामने नहीं आई है।

कैसे हुआ बम ब्लास्ट- क्वेटा से पाकिस्तानी रेलवे अधिकारी मोहम्मद काशिफ ने हादसे की जानकारी देते हुए बताया- रेलवे ट्रैक पर बम रखा गया था। जब जाफर एक्सप्रेस वहां से गुजरी तो तेज बम धमाका हुआ, जिससे ट्रेन की 6 बोगियां बेपटी हो गई। हालांकि, इस घटना में किसी भी जानमाल की हानि नहीं हुई।

ट्रेन में सवार थे 350 यात्री- दरअसल रविवार को क्वेटा से पेशावर जाने वाली जाफर एक्सप्रेस मस्तुंग के स्पेजैंड स्टेशन के पास पहुंची थी। ट्रेन में लगभग 350 यात्री सवार थे। तभी अचानक एक तेज ब्लास्ट हुआ, जिससे ट्रेन में हड़कंप मच गया। ट्रेन के 6 कोच बेपटरी हो गए।

सर्च ऑपरेशन चलाया- काशिफ के अनुसार, ÷घटना की जानकारी मिलते ही सुरक्षाबल और बचाव टीमें मौके पर पहुंची। इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाया गया। घंटों की मशक्कत के बाद टीमें ट्रेन की सभी बोगियों को पटरी पर चढ़ाने में कामयाब रहीं।

14 अगस्त तक रद की ट्रेनें- हादसे के बाद पाकिस्तान रेलवे ने दूसरी ट्रेन से सभी 350 यात्रियों को क्वेटा वापस भेज दिया। सभी यात्रियों के टिकट भी रद कर दिए गए और उन्हें पैसा रिफंड कर दिया गया है।

काशिफ ने बयान जारी करते हुए बताया कि - इस हादसे के बाद 14 अगस्त तक जाफर एक्सप्रेस और बोलान मेल को रद कर दिया गया है।

# पाकिस्तान में साइलेंट तख्तापलट, असीम मुनीर के परमाणु हमले वाले बयान पर भारत ने दिखाया आईना



नई दिल्ली (एजेंसी)। पाकिस्तान के सेना प्रमुख फील्ड मार्शल असीम मुनीर ने अमेरिका से परमाणु हथियारों से जुड़ा एक बयान दिया है, जिसके बाद मुनीर की खूब आलोचना हो रही है। भारत ने साफ कर दिया है कि ऐसी धमकियों के सामने वे नहीं झुकेगा और मुनीर के इस बयान को भारत ने गैर-जिम्मेदाराना बताया है।

असीम मुनीर के बयानों से यह भी झलकता है कि वहां परमाणु हथियार गलत हाथों में जा सकता है। सरकारी सूत्रों ने कहा कि पाक सेना प्रमुख का यह बयान बेहद खतरनाक है और पाकिस्तान में लोकतंत्र की कोई ठोस व्यवस्था नहीं है और वहां सेना ही असली ताकत रखती है।

असीम मुनीर का बयान- बता दें, मुनीर ने अमेरिका के फ्लोरिडा के टाम्पा शहर में पाकिस्तानी प्रवासियों से बात करते हुए कथित रूप से कहा था, ÷हम एक परमाणु राष्ट्र हैं। अगर हमें लगे कि हम खत्म हो रहे हैं तो हम आधी दुनिया को साथ ले डूबेंगे।

सूत्रों ने कहा कि जब भी अमेरिका पाकिस्तानी सेना के साथ खड़ा होता है, वहीं की सेना अपना आक्रामक चेहरा दिखाने लगती है। इस बार भी अमेरिकी स्वागत और समर्थन मिलने के बाद पाकिस्तानी सेना प्रमुख ने खुलेतौर पर धमकी दी है।

पाक में हो सकता है तख्तापलट- उन्होंने यह भी आशंका जताई कि आने वाले समय में पाकिस्तान में साइलेंट या खुला सैन्य तख्तापलट हो सकता है, ताकि फील्ड मार्शल असीम मुनीर खुद देश का राष्ट्रपति बन जाएं।

पाक में परमाणु हथियारों की सुरक्षा पर गंभीर खतरा- भारत के सरकारी सूत्रों का मानना है कि पाकिस्तान में परमाणु हथियारों की सुरक्षा पर गंभीर खतरा है।

## क्या केसी वेणुगोपाल पर होगी कार्रवाई? एअर इंडिया फ्लाइट में गड़बड़ी को लेकर किया था दावा



नई दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल ने एक्स पर ट्वीट कर एअर इंडिया विमान को लेकर कहा था कि इस विमान में कई सांसद सवार थे और ये दुर्घटना की कगार पर पहुंच गया था।

अब बीजेपी ने कहा है कि अगर उनका आरोप झूठा है, तो उन्हें परिणाम भुगतने होंगे। एअर इंडिया ने कहा कि उड़ान संख्या AI2455 को रनवे पर किसी अन्य विमान की मौजूदगी के कारण नहीं, बल्कि एक संदिग्ध तकनीकी समस्या के कारण चेन्नई डायवर्ट किया गया था।

केसी वेणुगोपाल ने क्या कहा था- एक्स पर किए गए पोस्ट में केसी वेणुगोपाल ने लिखा, फ्लाइट का शुरुआत ही विलंब से हुई। उड़ान के कुछ समय बद ही हमें भारी टर्बुलेंस का सामना करना पड़ा। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा कि करीब एक घंटे बाद कैप्टन द्वारा फ्लाइट सिग्नल फॉल्ट की घोषणा की गई और विमान को चेन्नई की ओर मोड़ा गया। विमान में 100 यात्री सवार थे।

उन्होंने कहा, इस विमान ने चेन्नई हवाई ऊपर के करीब 2 घंटे तक हवा में चक्कर लगाए और क्लियरेंस का इंतजार करता रहा। कांग्रेस सांसद ने दावा किया कि पहली बार लैंडिंग के दौरान एक हैरान करने वाली घटना हुई।

## आसाराम को बड़ी राहत, राजस्थान हाईकोर्ट ने इस कारण 29 अगस्त तक दी अंतरिम जमानत



नई दिल्ली (एजेंसी)। यौन दुराचार के मामले में आजीवन जेल की सजा काट रहे आसाराम को गुजरात के बाद में अब राजस्थान हाई कोर्ट से भी जमानत के मामले में राहत मिली है। राजस्थान हाई कोर्ट में आसाराम के स्वास्थ के संबंध में मेडिकल रिपोर्ट दिए जाने के बाद हाईकोर्ट के जज दिनेश मेहता और विनीत माथुर ने उसकी सेहत की जांच को लेकर निर्देश जारी किए हैं।

कोर्ट ने अहमदाबाद के सरकारी हॉस्पिटल में डॉक्टरों का एक पैनल बनाने को कहा है। कोर्ट ने उसकी अंतरिम जमानत 29 अगस्त तक बढ़ा दी है। इससे पहले गुजरात हाईकोर्ट ने भी पिछले दिनों इसी ग्राउंड पर आसाराम की अंतरिम जमानत 29 अगस्त तक बढ़ाई थी।

जानकारी के अनुसार, 86 साल के आसाराम की ओर से वकील निशांत बोड़ा ने हाल की मेडिकल रिपोर्ट्स कोर्ट में पेश की थी। वर्तमान में इंदौर के जूपिटर हॉस्पिटल के आईसीयू में भर्ती है। गुजरात हाईकोर्ट की ओर से जारी आदेश में आसाराम की %ट्रोपोनिन लेवल% बहुत ज्यादा बताये जाने को आधार बताया गया था। इसके बाद उनको गुजरात से जुड़े मामले में जमानत मिली थी।

इधर जोधपुर मामले में भी उसकी सेहत की जांच को लेकर निर्देश जारी किए हैं।

# कबूतरों को दाना डालने वालों पर दर्ज होगी FIR, सुप्रीम कोर्ट ने HC के फैसले को रखा बरकरार



नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को बॉम्बे हाई कोर्ट के उस आदेश के खिलाफ याचिका खारिज कर दी, जिसमें बीएमसी को शहर में कबूतरखानों में कबूतरों को दाना डालने वाले लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया गया था। जस्टिस जेके माहेश्वरी और जस्टिस विजय बिश्नोई की पीठ ने हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया और कहा कि समानांतर भोग अनुचित है। अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ता आदेश में संशोधन के लिए हाई कोर्ट जा सकता है।

बॉम्बे हाई कोर्ट ने क्या दिया था आदेश- सुप्रीम कोर्ट पशु प्रेमियों और अन्य लोगों की ओर से बॉम्बे हाई कोर्ट के एक आदेश को चुनौती देने वाली अपील पर सुनवाई कर रही थी। हाई कोर्ट ने कहा कि यह मुद्दा जन स्वास्थ्य और सभी उम्र के लोगों के लिए गंभीर और संभावित स्वास्थ्य खतरे से जुड़ा है। अदालत ने पहले बीएमसी को महानगर में किसी भी पुराने विरासत वाले कबूतरखाने को गिराने से रोक दिया था, लेकिन पक्षियों को दाना डालने की अनुमति देने से इनकार कर दिया था।

किन लोगों ने दायर की थी याचिका- कोर्ट ने तब कबूतरों के जमावड़े से उत्पन्न खतरे से मानव स्वास्थ्य की सुरक्षा और सुरक्षा को सबसे बड़ी चिंता बताया था। यह याचिका पल्लवी पाटिल, स्नेहा विसारिया और सविता महाजन ने दायर की थी, जिन्होंने दावा किया था कि बीएमसी ने बिना किसी कानूनी समर्थन के 3 जुलाई से भोजन स्थलों को ध्वस्त करना शुरू कर दिया था। उन्होंने तर्क दिया कि बीएमसी का कृत्य पशु क्रूरता निवारण अधिनियम का उल्लंघन है।

# दिल्ली-वाशिंगटन डीसी की सीधी फ्लाइट होगी बंद, एअर इंडिया ने लिया बड़ा फैसला



नई दिल्ली (एजेंसी)। एअर इंडिया ने ऐलान किया है कि अगले महीने से दिल्ली से वाशिंगटन डीसी के बीच सीधी फ्लाइट का संचालन बंद कर दिया जाएगा। कंपनी का कहना है कि यह फैसला कई परिचालन कारणों और बेड़े में कमी के चलते लिया गया है। यह रोक 1 सितंबर से लागू होगी।

एअर इंडिया ने बताया कि उसके कई बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर विमान उपलब्ध नहीं होंगे, क्योंकि कंपनी 26 विमानों में रेट्रोफिट का काम कर रही है। यह कार्यक्रम जुलाई से शुरू हुआ है और 2026 के अंत तक चलेगा। इस दौरान कई विमान लंबे समय तक उड़ान के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे।

पाकिस्तान का एयरस्पेस बंद होने से पड़ा असर

एअर इंडिया ने बताया कि पाकिस्तान के एयरस्पेस के बंद होने से उसकी लंबी दूरी की उड़ानों पर असर पड़ा है। इससे फ्लाइट रूट लंबे हो गए हैं और संचालन मुश्किल हो गया है।

कंपनी ने कहा कि जिन यात्रियों की वाशिंगटन उड़ानें 1 सितंबर के बाद बुक हैं उनसे संपर्क कर उन्हें दूसरे विकल्प दिए जाएंगे, जैसे दूसरी फ्लाइट पर रीबुकिंग या पूरा रिफंड मिलेगा।

हालांकि, यात्रियों के पास अभी भी एक-स्टॉप फ्लाइट का विकल्प रहेगा जिसमें वे न्यूयॉर्क, नेवार्क, शिकागो या सैन फ्रांसिस्को के जरिए वाशिंगटन जा सकेंगे। इसके लिए एअर इंडिया ने अलास्का एयरलाइंस, यूनाइटेड एयरलाइंस और डेल्टा एयरलाइंस से साझेदारी की है।

कहां-कहां के लिए नॉन-स्टॉप फ्लाइट जारी रहेगी- इस व्यवस्था के दौरान यात्रियों का सामान अंतिम डेस्टिनेशन तक सीधा चेक-इन हो जाएगा। कंपनी ने यह भी कहा कि वह कनाडा के टोरंटो और वैंकूवर समेत उत्तरी अमेरिका के छह डेस्टिनेशन के लिए नॉन-स्टॉप फ्लाइट जारी रखेगी।

# अब इस राज्य में महिलाओं को मिलेगी मुफ्त बस यात्रा, सरकार ने 15 अगस्त से स्त्री शक्ति योजना शुरू करने का किया एलान



नई दिल्ली (एजेंसी)। आंध्र प्रदेश सरकार ने महिलाओं को एक अच्छा उपहार दिया है। राज्य सरकार ने आंध्र प्रदेश की मूल निवासी सभी लड़कियां, महिलाएं और ट्रांसजेंडर व्यक्ति अब बस की मुफ्त यात्रा कर सकेंगी। इस संबंध में आदेश भी जारी कर दिया गया है।

जानकारी के अनुसार, 15 अगस्त यानी स्वतंत्रता दिवस से ये सुविधा राज्य की महिलाओं को मिलने लगेगी। 15 अगस्त से राज्य भर में स्त्री शक्ति योजना का शुरुआत होने जा रही है।

कौन-कौन मुफ्त यात्रा के लिए पात्र- बता दें कि इस संबंध में जारी एक आदेश में कहा गया कि लाभार्थियों में आंध्र प्रदेश की मूल निवासी सभी लड़कियां, महिलाएं और ट्रांसजेंडर व्यक्ति शामिल हैं, बशर्ते उन्हें वैध पहचान पत्र प्रस्तुत करना हो।

हालांकि, यह योजना आंध्र प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम (एपीएसआरटीसी) के मौजूदा बेड़े का उपयोग करके लागू की जाएगी और मांग के आधार पर अतिरिक्त बसें भी खरीदी जाएंगी। बता दें कि मुफ्त यात्रा केवल पल्लेवलुगु, अल्ट्रा पल्लेवलुगु, सिटी ऑर्डिनरी, मेट्रो एक्सप्रेस और एक्सप्रेस सेवाओं पर लागू होगी।

इन बसों की सेवा पर नहीं लागू होगी योजना- बता दें कि नॉन-स्टॉप सेवाएँ, अंतरराज्यीय संचालन, अनुबंधित गाड़ियाँ, चार्टर्ड सेवाएँ या पैकेज टूर शामिल नहीं होंगे। उन्होंने बताया कि सप्तगिरि एक्सप्रेस, अल्ट्रा डीलक्स, सुपर लग्ज़री, स्टार लाइनर और सभी वातानुकूलित बस सेवाओं में इस सुविधा का लाभ नहीं लिया जा सकेगा।

बसों में लगाए जाएंगे सीसीटीवी कैमरे- गौरतलब है कि यात्रियों की सुरक्षा का ध्यान रखते हुए सरकार कर्मचारियों को बॉडी-वॉर्न कैमरे लगाने और सभी बसों में सीसीटीवी कैमरे लगाने पर विचार कर रही है।

दैनिक हिन्दकुश

hindkush.in
24x7 News portal

सर्वे भवन्तु सुखिनः

उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित

jagrayam.com
online news magazine

हिन्दकुश मीडिया

hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

# हिन्दकुश

हिन्द : भारत कुश : पवित्र तृण


मानव जीवन में सदैव उतार-चढाव आता है व्यक्ति को कभी इससे घबराना नहीं चाहिए।
पं. श्रीराम शर्मा आचार्य



सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दुःख भागभवेत्
सभी सुखी हो, सभी निरोगी रहे, सभी का शुभ हो, कोई भी दुखी न हो।

विक्रम संवत 2079 शुक्ल तृतीया

## संपादकीय

# गुस्सा सदैव व्यक्ति के पतन का कारण बनता है...



आज के युग में हर व्यक्ति को जीवन के किसी न किसी पड़ाव में विपरीत परिस्थितियों का निर्माण होने के कारणों में कहीं ना कहीं एक कारण उसका गुस्सा या क्रोध भी होगा। अगर हम अत्यंत संवेदनशीलता और गहनता से उत्पन्न हुई उन परिस्थितियों की गहनता से जांच करेंगे तो हमें जरूर यह कारण महसूस होगा। गुस्से और क्रोध का वह छोटा सा पल ऐसी अनेकों विकराल स्थितियों और परिस्थितियों को पैदा कर देता है, जिसकी हमें उम्मीद भी नहीं रहती और फिर बड़े बुजुर्ग लोग कहते हैं ना कि, जब चिड़िया चुग गई खेत अब पैछतावे का होए। हमें उस गुस्से क्रोध के उस पल को काबू में रखने के मंत्र सीखने होंगे जो कि आसान है। सबसे पहले तो हमारी यह सव प्रतिशत कोशिश होनी चाहिए कि उस स्थिति को पैदा ही ना होने दें , जिसके कारण क्रोध या गुस्सा या आक्रोश उत्पन्न हो।परंतु यह भी उचित बात है कि, हम किसी भी परिस्थिति को कितना भी रोके, परंतु स्थिति उत्पन्न हो ही जाती है,या अन्य कोई यह स्थिति उत्पन्न कर ही देता है, तो ऐसी परिस्थिति में सबसे सरल मंत्र है उस परिस्थिति की हर बात,हर स्थिति को अत्यंत ही सहजता और सरलता से लें और गुस्से या क्रोध या आक्रोश को जगने से पहले ही तुरंत उसे समाप्त कर दें। उसके लिए सहजता व सरलता इन दो शब्दों या मंत्रों को गांठ बांध के रखना ही होगा।

साथियों जब शरीर क्रोध के आवेग में काबू हो जाता है तो मनुष्य विचार शून्य हो जाता हैं. उसे कुछ भी सूझता नहीं है जैसे मुह में आया बोल दिया अथवा जो हाथ में आया उसे चला दिया जाता हैं. ऐसे करने से बाद में पछताने के सिवाय कुछ भी हाथ नहीं लगता हैं. यदि आप क्रोध को नियंत्रित नहीं कर पाते है तो यह आपके स्वास्थ्य के लिए बेहद हानिकारक है, यह आपके ब्लड प्रेशर को अधिक करने के साथ ही कई व्याधियों को जन्म भी दे सकता हैं।क्रोध को कायरता की निशानी भी कहा जाता है, इसे स्वास्थ्य के लिए बेहद हानिकारक भी माना गया हैं. जिन्हें विभिन्न परिस्थितियों में धैर्य एवं साहस की कमी होती है वे क्रोधित होते हैं। यह संताप विकलता की दशा हैं. एक क्रुद्ध व्यक्ति के सोचने समझने और विचारने की शक्ति शून्य हो जाती हैं।साथियों ,मेरा ऐसा निजी मानना है कि जितनी भी विपरीत, हानिकारक, कष्टदाई परिस्थितियां उत्पन्न होती है, उसका मूल कारण गुस्सा, आक्रोश, क्रोध में उठाया गया हिंसात्मक कदम होता है, जिसकी परिणीति में उन विपरीत परिस्थितियों का जन्म होता है।और अगर उन परिस्थितियों, स्थितियों को फलने फूलने के लिए, कथित प्रोत्साहन मिला तो फिर विकराल रूप बन इंसान को सबसे बड़ा और खतरनाक प्राणी बना देता है ,जिसे आज की स्थिति में अपराध के जगत का डॉन या कुख्यात अपराधी की संज्ञा दी जाती है।साथियों, हम अपने रूटीन जीवन के हर क्षण में काफी नजदीकी से देखते होंगे कि कोई भी टॉपिक में, किसी भी क्षेत्र में, किसी भी विषय में, बात तभी बिगड़ जाती है जब वहां तावबाज़ी अर्थात गुस्सा या क्रोध का जन्म होता है, और बात बढ़ कर कहासुनी, मारपीट, हत्या की कोशिश, हत्या, जख्मी, घायल इत्यादि से पुलिस, जेल , और मामला अदालतों की दहलीज तक जा पहुंचती है।

और सामाजिक-आर्थिक नैतिक, हानि, मानहानि अलग होती है। साथियों, सोचिए इतनी भारी कीमत चुकानी होती है, मात्र एक छोटे से पल की जिस पर आसानी से नियंत्रण किया जा सकता था। जो भी व्यक्ति उपरोक्त विपरीत प्रक्रिया, गुस्से, क्रोध, से जेल तक में बंदी बनाया जाता है या सजा काटता है या अदालतों के चक्कर काटता है, विशेषज्ञों और अधिवक्ताओं के पीछे घूमता है।

# विश्व हाथी दिवस






विश्व हाथी दिवस हर साल 12 अगस्त को दुनिया भर में मनाया जाता है। हाथी धरती पर पाया जाने वाला सबसे विशाल प्राणी है। हाथी दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य पूरी दुनिया के हाथियों के प्रति जागरूकता और उनके संरक्षण को बढ़ावा देना है। एलिफेंट की इंट्रोडक्शन फाउंडेशन द्वारा साल 2011 में इसकी पहल की गई थी लेकिन ऑफिशियली 12 अगस्त, 2012 को इसे मनाने की घोषणा हुई। भारतीय वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 में हाथियों को सर्वोच्च दर्जा दिया गया है। भारत में हाथियों की गिनती आखिरी बार 2017 में हुई थी। उस वक्त भारत में हाथियों की कुल संख्या 30 हजार थी, पर जैसे-जैसे साल आगे बढ़ता रहा, इस संख्या में कमी आती रही। जिस ओर ध्यान देने की जरूरत है।

### शुरुआत

सिम्स और एलिफेंट की इंट्रोडक्शन फाउंडेशन द्वारा साल 2011 में विश्व हाथी दिवस की पहल की गई थी, लेकिन ऑफिशियली 12 अगस्त, 2012 को इसे मनाने की घोषणा हुई थी। थाइलैंड के संगठन एलिफेंट रि-इंट्रोडक्शन फाउंडेशन ने कनाडा की फिल्म निर्माता पेट्रिशिया सिम्स के साथ मिलकर हाथी दिवस मनाने की पहल की थी। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य हाथियों के शिकार, हाथी दांत के अवैध व्यापार को रोकने, जंगल में उनके प्रवास को संरिक्षत और उनके उन्मुक्त रूप से घूमने फिरने के लिए अभ्यारण्य उपलब्ध कराने के लिए काम करने वाले संगठनों की मदद करना भी है।

हाथी दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य पूरी दुनिया के हाथियों के प्रति जागरूकता और उनके संरक्षण को बढ़ावा देना है। हाथी को राष्ट्रीय विरासत पशु भी घोषित किया जा चुका है। ऐसे में हाथियों को संरक्षण करना हर नागरिक का कर्तव्य है।

### इतिहास

सभ्यता के पूरे इतिहास में हाथी और मनुष्य एक साथ एक लंबा सफर तय कर चुके हैं। अफ्रीकी हाथी के प्राकृतिक वातावरण के विस्तार के साथ-साथ इनका आकार विशाल है, ये काफी हद तक कैद और पालतू बनाने का विरोध करने में कामयाब रहे है। दूसरी ओर, एशियाई हाथी, जो 4,000 से अधिक वर्षों से मनुष्यों के साथ रहा है और विभिन्न सांस्कृतिक और आध्यात्मिक रीति-रिवाजों से जुड़ा है। उदाहरण के लिए, थाईलैंड में हाथी एक राष्ट्रीय प्रतीक हैं। यहां एक दिन का राष्ट्रीय अवकाश पूरी तरह से हाथियों को समर्पित है और वे राजा से शाही उपाधि भी प्राप्त कर सकते हैं। इन सब के बावजूद, अभी भी हम हाथियों के बारे में बहुत कुछ नहीं जानते हैं।

### भविष्य पर संकट

मनुष्य और हाथी में कई विशेषताएं हैं। लेकिन हम उनके भविष्य को खतरे में डाल रहे हैं और पूरे एशिया और अफ्रीका में उनके आवश्यक जैव विविधता वाले आवासों को खतरे में डाल रहे हैं। हाथी हमारे पर्यावरण के लिए एक महत्वपूर्ण प्रजाति है, क्योंकि वे स्वस्थ पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देते हैं और जैव विविधता को प्रोत्साहित करते हैं। जैसा कि विश्व हाथी दिवस की वेबसाइट कहती है, हाथी को खोना एक पर्यावरण देखभाल करने वाले और एक जानवर को खोना है जिससे हमें बहुत कुछ सीखना है।

हम मजबूत स्थानीय और अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा नीतियों और जंगली हाथियों के अवैध शिकार और हाथी दांत के अवैध व्यापार के खिलाफ कानून लागू करके, उनके प्राकृतिक आवासों के बेहतर प्रबंधन को बढ़ावा देकर, पारिस्थितिक तंत्र में हाथी की महत्वपूर्ण भूमिका पर लोगों को शिक्षित करके हाथियों को बचा सकते हैं। हाथियों के पास जगह और समय खत्म हो रहा है। अवैध शिकार और हाथी दांत की तस्करी को रोकने के लिए मिलकर काम करना होगा और संरक्षित प्राकृतिक अभयारण्यों की स्थापना करनी होगी जिसमें हाथी और अन्य वन्यजीव पनप सकें। इससे पहले कि बहुत देर हो जाए और वे सभी चले जाएं। हाथी महत्वपूर्ण क्यों हैं हाथी इस विश्व के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। हाथी दूसरी वन्यजीव प्रजातियों के लिए जंगल और सवाना पारिस्थितिकी तंत्र को बनाये रखने में मदद करते हैं। हाथी महत्वपूर्ण पारिस्थितिकी तंत्र इंजीनियर हैं। हाथी घने जंगलों में मार्ग बनाते हैं जो दूसरे जानवरों द्वारा उपयोग किया जाता है। एक हाथी का पदचिह्न एक सूक्ष्म पारिस्थितिकी तंत्र को सक्षम कर सकता है और ये जब पानी से भर जाता है तो इसमें टैडपोल और अन्य जीव भी रह सकते हैं।

वर्तमान में देश के 14 राज्यों में लगभग 65000 वर्ग किलोमीटर में हाथियों के लिए 30 वन क्षेत्र सुरक्षित हैं। एशियाई हाथियों की वैश्विक आबादी का 60 प्रतिशत से अधिक भारत में है। परंतु हाल के वर्षों में जिस अनुपात से मानव हाथी संघर्ष की घटनाएं हुई हैं, वह अत्यंत चिंता का विषय है। हाथियों की सुरक्षा के लिए आवश्यक है कि वन विभाग, गैर सरकारी संस्थाएं एवम पर्यावरण प्रेमियों के समूह द्वारा संयुक्त रूप से जन जागरूकता तथा हाथियों के पुनर्वास के लिए सार्थक प्रयास किया जाना चाहिए।

### संख्या लगातार हो रही कम

पिछले एक दशक पहले हाथियों की संख्या 10 लाख तक थी जो इस समय भारी गिरावट के साथ महज 27 हजार रह गई है। हाथियों की घटती संख्या और उनकी मौत भारत के केरल में सबसे ज्यादा होती है। हाथी को मारना या नुकसान पहुंचाना कानूनन अपराध है। ऐसा करने पर आरोपियों को वाइल्ड लाइफ प्रोटेक्शन एक्ट 1972 के अनुसार जानवरों की हत्या पर 3 साल तक की सजा और 25 हजार रुपये जुर्माने का प्रावधान है। देश में 2017 में आखिरी बार हाथियों की गिनती की गई थी। 2017 में हुई हाथियों की गिनती के अनुसार भारत में 30 हजार हाथी हैं, लेकिन धीरे-धीरे इनकी संख्या कम होती जा रही है।[2]

### रोचक तथ्य

जन्म के 20 मिनट बाद ही हाथी का बच्चा खड़ा हो जाता है।

हाथी दिनभर में 150 किलोग्रामतक खाना खा लेता है।

अगर वजन की बात करें तो हाथी का वजन 5 हजार किलोग्राम तक हो सकता है।

हाथी खाने के बहुत शौकीन होते हैं।

एक बार में हाथी 80 गैलन तक पानी पी सकता है।

हाथी कीचड़ में लोटना पसंद करते हैं।

# तो क्या बहाल नहीं होगी पुरानी पेंशन स्कीम? निर्मला सीतारमण ने दिया ये जवाब



नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्र सरकार ने नेशनल पेंशन सिस्टम के तहत आने वाले केंद्रीय कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना को बहाल करने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में कहा कि पुरानी पेंशन योजना सरकार के खजाने पर भारी पड़ रही थी, इसलिए एनपीएस लागू किया गया, जो 1 जनवरी, 2004 या उसके बाद नौकरी शुरू करने वाले केंद्रीय कर्मचारियों (सशस्त्र बलों को छोड़कर) के लिए है।

एनपीएस में सुधार के लिए एक कमेटी बनाई गई थी, जिसके सुझावों के आधार पर यूनिफाइड पेंशन स्कीम (यूपीएस) शुरू की गई है। यह एनपीएस का एक विकल्प है, जिसका मकसद रिटायरमेंट के बाद कर्मचारियों को तयशुदा पेंशन देना और योजना को वित्तीय रूप से टिकाऊ रखना है। यूपीएस में परिवार की परिभाषा को इस तरह डिज़ाइन किया गया है कि कर्मचारियों को गारंटीड पेंशन मिले और फंड की स्थिरता भी बनी रहे। यूपीएस चुनने वाले कर्मचारी, अगर नौकरी के दौरान उनकी मृत्यु हो जाती है या अक्षमता की वजह से नौकरी छोड़नी पड़ती है, तो वे सीसीएस (पेंशन) नियम, 2021 या सीसीएस (एक्स्ट्रा ऑर्डिनरी पेंशन) नियम, 2023 के तहत लाभ ले सकते हैं। सरकार ने 24 जनवरी, 2025 को अधिसूचना जारी करके यूपीएस को एनपीएस के तहत एक विकल्प के रूप में शुरू किया।

यूपीएस के तहत, अगर कर्मचारी ने कम से कम 25 साल की नौकरी की है, तो रिटायरमेंट पर उसे पिछले 12 महीनों की औसत बेसिक सैलरी का 50% पेंशन के रूप में मिलेगा। अगर नौकरी का समय 25 साल से कम है, तो पेंशन उसी अनुपात में कम होगी। घरों की वित्तीय स्थिति में हुआ बड़ा सुधार

एक अन्य सवाल के जवाब में सीतारमण ने बताया कि मार्च 2020 से मार्च 2024 तक घरेलू वित्तीय देनदारियां (लोन) करीब 5.5% बढ़ी हैं, जबकि घरेलू वित्तीय संपत्तियां (बचत और निवेश) 20.7% बढ़ी हैं।

## NCDEX को मिली SEBI से इक्विटी और डेरिवेटिव्स कारोबार शुरू करने की मंजूरी




नई दिल्ली (एजेंसी)। नेशनल कमोडिटी एंड डेरिवेटिव्स एक्सचेंज लिमिटेड भारत का लीडिंग कृषि-कमोडिटी एक्सचेंज है। NCDEX ने आज ऐलान किया कि इसे इक्विटी और इक्विटी डेरिवेटिव्स सेगमेंट में कारोबार शुरू करने के लिए मार्केट रेगुलेटर भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड से मंजूरी मिल गई है। यह NCDEX के लिए बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि यह अपने प्लेटफॉर्म का विस्तार करके बुनियादी बचत को रेगुलेट किए जाने वाले निवेश अवसरों से जोड़ रहा है।

एनसीडीईएक्स का लक्ष्य Equity for Bharat ऑफर करना है, जो इस समय इक्विटी के दायरे से बाहर लाखों लोगों के लिए सुरक्षित, पारदर्शी और लॉन्ग टर्म में पैसा बनाने का ऑप्शन है। साथ ही ये इक्विटी बाजार के डेवलपमेंट से पैसा बनाने में मदद करता है।

500-600 करोड़ का निवेश करेगा NCDEX- NCDEX अपने कमोडिटी डेरिवेटिव्स की पेशकश में इजाफा करने और एक मजबूत, टेक-ड्रिवन इक्विटी और इक्विटी डेरिवेटिव्स प्लेटफॉर्म बनाने के लिए 500-600 करोड़ का निवेश करेगा। शुरुआती प्रोडक्ट सुइट में इक्विटी और इक्विटी डेरिवेटिव्स शामिल होंगे और समय के साथ एनसीडीईएक्स नए निवेशकों और फंड जुटाने के इच्छुक उद्यमों की जरूरतों को पूरा करने के लिए नए सेक्टरों पर फोकस्ड प्रोडक्ट्स पेश करेगा।

## LIC और सरकारी बैंकों के शेयर बेचेगी सरकार, क्यों घटाना चाहती है हिस्सेदारी, क्या है डिसइन्वेस्टमेंट प्लान




नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्र सरकार, एलआईसी और सरकारी बैंकों में विनिवेश की प्रक्रिया को तेज कर सकती है। मिंट की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि सरकार भारतीय जीवन बीमा निगम और कुछ सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में अपनी हिस्सेदारी कम करने की योजना बना रही है। दरअसल, इन संस्थानों में केंद्र सरकार की मौजूदा हिस्सेदारी, मार्केट रेगुलेटर भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड की तय सीमा से ज्यादा है।

हालाँकि, इस रिपोर्ट में बताया गया है कि इससे सरकार के मैजोरिटी स्टैक और मैनेजमेंट कंट्रोल पर कोई असर नहीं पड़ेगा। रकार मर्चेंट बैंकरों के साथ तीन साल की अवधि के लिए अनुबंधों पर विचार कर रही है, जिसमें दो साल की अतिरिक्त अवधि का विकल्प भी शामिल है।

सरकारी बैंकों में बिक्री 2026 के बाद- रिपोर्ट में कहा गया है कि पीएसबी की बिक्री 2026 के बाद हो सकती है, और सरकार द्वारा 2027 तक एलआईसी के लिए सेबी के मानदंडों को पूरा करने की उम्मीद है। इस रिपोर्ट के अनुसार, सरकार पूंजी जुटाने के लिए अनुकूल बाजार स्थितियों का लाभ उठाने की कोशिश कर रही है।

इससे पहले जुलाई में खबर आई थी कि केंद्र सरकार ने भारतीय जीवन बीमा निगम में ऑफर फॉर सेल को मंजूरी दे दी है, जिसका मकसद सरकार के विनिवेश टारगेट को हासिल करना है। फिलहाल, केंद्र के पास एलआईसी में 96.5 प्रतिशत हिस्सेदारी है, जबकि बाकी सार्वजनिक शेयरधारकों के पास है। सूत्र ने बताया कि कंपनी का बाजार पूंजीकरण 5.72 लाख करोड़ रुपये है और 1 प्रतिशत हिस्सेदारी की बिक्री से भी सरकार को 5700 करोड़ रुपये तक का लाभ हो सकता है।

## 22 की उम्र, 21000 करोड़ का बिजनेस, 100 साल पुराना ब्रांड, कौन हैं आनंदमयी



नई दिल्ली (एजेंसी)। महज 22 साल की उम्र में 21000 करोड़ के पुश्तैनी कारोबार को संभालने वाली आनंदमयी बजाज, सोशल मीडिया और कॉरपोरेट जगत में सुर्खियां बटोर रही हैं। बजाज ग्रुप की 5वीं पीढ़ी से ताल्लुक रखने वाली आनंदमयी ने अपने फैमिली बिजनेस फर्म में बतौर जनरल मैनेजर (स्ट्रैटेजी) ज्वाइन कर लिया है। बजाज ग्रुप के मैनेजमेंट में उनकी एंट्री कंपनी में महिलाओं की लगातार बढ़ती सहभागिता को दर्शा रही है। आनंदमयी बजाज, बजाज ग्रुप के चेयरमैन कुशाग्र बजाज की बेटी हैं।

खास बात है कि आनंदमयी की मां आदित्य बिरला ग्रुप के चेयरमैन कुमार मंगलम बिरला की बहन हैं। फैमिली बिजनेस में मिली जिम्मेदारी संभालने के बाद आनंदमयी ग्रुप के विभिन्न व्यवसायों की लीडरशिप टीमों के साथ मिलकर काम करेंगी और बाद में कंपनियों के बोर्ड में शामिल होंगी।

बेटी के बिजनेस ज्वाइन करने पर पिता ने क्या कहा

आनंदमयी बजाज की नियुक्ति पर पिता कुशाग्र बजाज ने कंपनी के कर्मचारियों से कहा, ÷वह युवा जिज्ञासा और जिम्मेदारियों के अनोखे मिश्रण को साथ लेकर आई है, उसका यह सफर हमारी सामूहिक प्रयासों के निरंतर जारी रहेगा।

## ICICI बैंक के 50000 मिनिमम बैलेंस रखने पर RBI गवर्नर संजय मल्होत्रा का आया बयान, कह दी ये बड़ी बात




नई दिल्ली (एजेंसी)। ICICI बैंक ने हाल ही में बचत खातों में न्यूनतम बैलेंस न रखने पर के लिए नए नियम लागू किए हैं। मेट्रो और शहरी क्षेत्रों के ग्राहकों के लिए न्यूनतम औसत शेष राशि को पहले के 10,000 से बढ़ाकर 50,000 कर दिया गया है। ये नियम 1 अगस्त, 2025 से प्रभावी होंगे। इस बीच भारतीय रिजर्व बैंक गवर्नर संजय मल्होत्रा ने 11 अगस्त को ICICI बैंक ने नॉन सैलरी अकाउंट के लिए मिनिमम अमाउंट बढ़ाने पर राय दी है। उनका इस कहना है कि यह किसी भी नियामक क्षेत्राधिकार के अंतर्गत नहीं आता है।

हाल ही में, बैंक ने 1 अगस्त या उसके बाद खोले गए नए बचत खातों के लिए मिनिमम बैलेंस को पाँच गुना बढ़ाकर 50,000 रुपये कर दिया है। आईसीआईसीआई बैंक के ग्राहकों के लिए 31 जुलाई, 2025 तक बचत बैंक खातों में मीनिमम बैलेंस का दायरा 10,000 रुपये था।

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में आम तौर पर कम बैलेंस रखने की अनिवार्यता होती है और अक्सर जन-धन खातों के लिए इसे माफ कर दिया जाता है। कई बैंकों ने न्यूनतम बैलेंस रखने की अनिवार्यता को पूरी तरह से हटा दिया है और इसे न रखने पर कोई जुर्माना नहीं लगाया जाता है।

न्यूनतम बैलेंस में बढ़ोतरी का विरोध- बैंकिंग हितधारकों के हितों की वकालत करने वाले एक नागरिक समाज संगठन ने वित्त मंत्रालय को पत्र लिखकर आईसीआईसीआई बैंक के नए बचत खातों के लिए न्यूनतम औसत शेष (एमएबी) की जरूर बढ़ाने के निर्णय में हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया है। संगठन ने कहा है कि ऐसा कदम सरकार के समावेशी बैंकिंग और विकास के दृष्टिकोण के लिए हानिकारक है।

वित्त सचिव को लिखे पत्र में बैंक बचाओ देश बचाओ मंच ने बैंक के निर्णय को अन्यायपूर्ण करार दिया।

फोरम के संयुक्त संयोजक बिस्वरंजन रे और सौम्या दत्ता ने दावा किया, यह प्रतिगामी निर्णय समावेशी बैंकिंग के सिद्धांत को कमजोर करता है।

नागरिक समाज संगठन ने इस निर्णय को तत्काल वापस लेने की मांग की तथा सरकार से जमाकर्ताओं के हितों की रक्षा करने तथा व्यापक वित्तीय समावेशन सुनिश्चित करने की अपील की।

## निवेशकों ने इस आईपीओ पर जमकर लगाया पैसा, 50 गुना से ज्यादा हुआ सब्सक्रिप्शन, GMP के दीवाने हुए सब




नई दिल्ली (एजेंसी)। इस आईपीओ ने ग्रे मार्केट में धूम मचा दी है। दोपहर 12.43 बजे तक इसे 40 गुना से ज्यादा सब्सक्रिप्शन के लिए आवेदन आ चुके हैं। ये आईपीओ निवेश के लिए 8 अगस्त को खुला था और 12 अगस्त को इसका सब्सक्रिप्शन बंद हो जाएगा।

आज 11 अगस्त को इस आईपीओ का ग्रे मार्केट में प्रीमियम 10 रुपये दर्ज किया गया है। प्रीमियम के हिसाब से देखें तो इस आईपीओ से 23 फीसदी से ज्यादा का मुनाफा हो सकता है। इसका इश्यू प्राइस 43 रुपये होगा। मौजूदा प्रीमियम के हिसाब से इसका लिस्टिंग प्राइस 53 रुपये हो सकता है।

कब तक कर सकते हैं निवेश- इस आईपीओ में आप 12 अगस्त यानी कल शाम 5 बजे तक निवेश कर सकते हैं। इसे किसी भी ब्रोकरेज ऐप से खरीदा जा सकता है। आइए अब आईपीओ से जुड़ी कुछ जरूरी बेसिक डिटेल्स जान लें। इस आईपीओ का खरीदने के लिए निवेशकों को 3000 शेयर्स लेने होंगे। इसका इश्यू प्राइस 43 शेयर्स का है। इसका मतलब है कि इस आईपीओ को लेने के लिए 129000 रुपये निवेश करने होंगे।

दैनिक हिन्दकुश
hindkush.in
24x7 News portal
सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित
jagrayam.com
online news magazine
ऑनलाईन संवाददाता/ब्यूरो प्रतिनिधि चाहिए
हिन्दकुश मीडिया
hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

# 429 सरकारी स्कूल भवन जर्जर, 220 में पढ़ाई करना खतरनाक, शासन को भेजी रिपोर्ट

ग्वालियर। राजस्थान के झालावाड़ में वर्षा के दौरान स्कूल की छत गिरने से सात बच्चों की मौत हो गई थी। इस घटना के बाद नईदुनिया ने 26 जुलाई को शहर के तीन स्कूलों के भवनों का जायजा लिया और उन्हें जर्जर पाया था। साथ ही पूरे जिले के सरकारी स्कूलों के भवनों के जर्जर होने की संभावना व्यक्त की थी। नईदुनिया में खबर प्रकाशन के बाद जिला प्रशासन ने शिक्षा विभाग को स्कूल भवनों का सर्वे कर भवनों की स्थिति की रिपोर्ट देने के लिए कहा था। रिपोर्ट में जिले भर के 1400 स्कूल भवनों में 429 जर्जर मिले थे। इन स्कूलों में से 220 स्कूलों के भवन तो कक्षाएं लगाने के लायक भी नहीं है।



स्कूलों की जर्जर सूची शासन को भेजी रिपोर्ट के बाद शिक्षा विभाग ने जर्जर स्कूलों की सूची प्रशासन को भेजी है और इनके पुर्ननिर्माण के लिए प्रस्ताव भी शासन को भेजे हैं। साथ ही जर्जर स्कूलों को पास के किसी अन्य भवन में चलाने के लिए भी निर्देश दिए हैं। जिले के शासकीय स्कूलों के सर्वे में सामने आया कि कई भवन 50 साल से अधिक पुराने हैं, जिनमें अब पढ़ाई कराना बच्चों के लिए खतरे से खाली नहीं। नेवली, बड़ागांव, सिंधिया नगर, चचेरा, गढ़ा, समूदपुर, गिरगांव, रिसईसर, राघौगढ़, खुरैरी, ताल, रायरू, डबरा, मुरार, तिघरा, भितरवार, घाटीगांव, लुकवासा सहित 50 से ज्यादा स्कूल भवन ऐसे हैं जिनकी स्थिति बेहद खराब है।जर्जर स्कूल भवनों की सूची बनाकर शासन को भेज दी गई है। बारिश के सीजन में ऐसी इमारतों में पढ़ाई रोकने के निर्देश दिए गए हैं। प्राथमिकता के आधार पर नवनिर्माण व मरम्मत का प्रस्ताव तैयार किया गया है।

**– रवींद्र सिंह तोमर, डीपीसी, जिला शिक्षा केंद्र ग्वालियर**

## बरेली से होशंगाबाद जा रही बस के आगे बाइक आई, तीन पलटी खा गई बस, 20 यात्री घायल



बुधनी। बुधनी के बगवाड़ा बस स्टैंड के पास एक बड़ा सड़क हादसा हो गया।बरेली से होशंगाबाद जा रही मालवीय बस अचानक बाइक सवार सामने आ जाने से अनियंत्रित होकर तीन पलटी खा गई। हादसे में करीब दो दर्जन यात्री घायल हुए है। हादसे के वक्त बस में महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग भी सवार थे।

घटना दोपहर करीब 12 बजे के आसपास की बताई जा रही है जिसमें बगवाड़ा जोड़ से अचानक दो लोग बाइक पर सवार बस के सामने आ गए। बस चालक ने उन्हें बचाने की कोशिश की, लेकिन बाइक सवार बस से टकरा ही गए।वह भी गंभीर रूप से घायल हो गए। इधर बस अनियंत्रित होकर पलट गई, हादसे के बाद चीख-पुकार मच गई, स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने तुरंत राहत कार्य शुरू किया।

घायलों को पुलिस की गाड़ी, 108 एंबुलेंस और निजी वाहनों से बुधनी सिविल अस्पताल पहुंचाया गया। यहां एसडीएम, एसडीओपी और टीआई की मौजूदगी में घायलों का इलाज किया जा रहा है, इस पूरे घटना में एसडीओपी रवि शर्मा ने बताया कि कोई भी जनहानि नहीं हुई हैं दो गंभीर हैं जिन्हें नर्मदापुरम पहुंचाया गया।

## छात्रों को राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड ने किया सजग, शरारती तत्व हैं सक्रिय, इसलिए रहें सावधान



Demo Pic

जबलपुर। नीट पीजी के परीक्षार्थियों के लिए एक नई चिंता का विषय सामने आया है। हाल ही में राष्ट्रीय बोर्ड परीक्षा ने स्पष्ट चेतावनी जारी की है कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, मैसेजिंग ऐप और यहां तक कि ई-मेल के जरिए फैलाई जा रही कई सूचनाएं पूरी तरह फर्जी हैं। बोर्ड ने कहा है कि परीक्षार्थियों को किसी भी नोटिस या सूचना पर भरोसा करने से पहले उसे केवल आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ही सत्यापित करें, क्योंकि यह देखा गया है कि फर्जी नोटिसों के जरिए परीक्षार्थियों को भ्रमित करने और अफवाह फैलाने का सिलसिला तेज हो गया है।

झूठी सूचनाओं का जाल राष्ट्रीय बोर्ड परीक्षा के मुताबिक, कुछ शरारती तत्व नीट-2025 परीक्षा की तारीख में बदलाव, परीक्षा स्थगन या प्रश्नपत्र लीक जैसी झूठी सूचनाएं प्रसारित कर रहे हैं। इन फर्जी संदेशों में अक्सर आधिकारिक लेटरहेड और डिजाइन की नकल की जाती है, ताकि उम्मीदवारों को यह असली लगे। कई बार इन संदेशों में लिंक भी दिए जाते हैं, जो देखने में आधिकारिक वेबसाइट जैसे लगते हैं।

## पहले चार के आठ लाख किए, फिर जमीन कारोबारी से 80 लाख ठगे, ग्वालियर के इस वारदात से हर कोई दंग




ग्वालियर। रूपयों को दोगुना करने का लालच देकर जमीन कारोबारी से 80 लाख रूपये की ठगी का बड़ा मामला सामने आया है। जमीन कारोबारी मनीष शर्मा के संपर्क में एजुकेशन कंसल्टेंसी के लोग आए जिसमें शामिल एक व्यक्ति ने रूपयों को दोगुना करने का लालच दिया। इस तरह प्रयोग के तौर पर चार लाख दोगुने करके भी दे दिए तो भरोसा हो गया। इसके बाद तीन से चार लोगों के संपर्क में आकर जमीन कारोबारी ने जुलाई माह में अलग-अलग दिनों में कुल 80 लाख रूपये की रकम दे दी।

**पुलिस ने आरोपितों की पहचान कर ली**–डबरा, ग्वालियर और आगरा के फाइव स्टार होटलों में डील हुई और आगरा के ताज होटल से ठग आपस में झगड़ा का बहाना बनाकर गायब हो गए। बताया जा रहा है कि ठगों ने नकली नोटों की डाई बनाकर रकम दोगुना करने की स्कीम बताई थी लेकिन पुलिस जमीन में पैसा लगाकर दोगुना करने का झांसा बता रही है। पिछले कई दिनों से यह मामला पुलिस के पास था लेकिन शनिवार को इस मामले में एफआइआर दर्ज की गई। पुलिस ने आरोपितों की पहचान कर ली है जो कि इंटरस्टेट ठगों की गैंग है। यह पहले भी वारदात कर जेल जा चुके हैं।स्त्रढ्क्र की कहानी – डबरा, ग्वालियर और आगरा के होटलों में हुई थी डील इस मामले में फरियादी रामगढ़ डबरा निवासी मनीष शर्मा ने एफआइआर लिखवाई है। इसमें बताया कि उसकी पहचान गोलू शर्मा संचालक स्टूडेंट डायरी एज्युकेशन कंसल्टेंसी से थी जिसके यहां काम करने वाले क्लाइंट प्रदीप कुमार से एक मेलिना कॉलेज में एडमिशन को लेकर बात हुई थी। प्रदीप ने झांसा दिया कि दिल्ली में एक हिमांशु गुप्ता नाम का उसका दोस्त है जिसपर पैसा दोगुना करने की स्कीम है। उसके बाद प्रदीप ने उन व्यक्तियों से कराई जिन्होंने अपने नाम हिमांशु गुप्ता और विशाल श्रीवास्तव एवं एक व्यक्ति ने अपना नाम तिवारी जी तथा एक अन्य ने दीपक सिंह बताया। 21 जुलाई को डबरा में मनीष के करीबी मोनू शर्मा के यहां सभी मिले और हिमांशु पांच लाख रूपये ले गया। अगली मीटिंग मैरियट होटल आगरा में हुई जहां तिवारी जी और हिमांशु आये। यहां मनीष व राजेंद्र शर्मा पहुंचे तो यहां यह लोग बोले की जल्दी ताज होटल आगरा चलो यहां दिक्कत है। पैसों को दो बैगों में शिफ्ट करो। ताज होटल के 355 नंबर कमरे में यह पूरी बात हुई जहां यह सभी झगड़ने का नाटक करने लगे। दूसरे कमरे में मनीष व राजेंद्र को बैठा दिया और थोड़ी देर बाद देखा तो सभी नोटों भरे बैग सहित गायब हो चुके थे। मनीष के मुताबिक बैगों में 50 लाख रूपये थे। इस मामले में हिमांशु गुप्ता, अभिषेक, तिवारी जी व एक अन्य पर एफआइआर दर्ज कर ली गई है।

एक कहानी यह भी... नकली नोटों का रैकेट संभव

चर्चा यह भी है कि पुलिस ने रियल स्टेट कारोबार के नाम पर रकम दोगुने का झांसा देना बताया है लेकिन मामला नकली नोट गैंग से जुड़ा है। ठगों ने यह झांसा दिया था कि उनके पास नोटों की डाई है जिससे वह जो पैसा फरियादी देगा उसी सीरियल नंबर के नोट छापकर देंगे। वहीं, इसमें मनीष शर्मा को फरियादी बनाया गया है जबकि पैसा कई पार्टनरों का भी था। पुलिस के पास फुटेज भी आरोपितों के आ चुके हैं।

पैसा दोगुना करने के नाम पर इंटरस्टेट गैंग ने यह वारदात की है, 80 लाख रूपए ठगे गए हैं। यह ईरानी गैंग भी हो सकती है जो इस तरह की वारदात करती है। नकली नोटों के एंगल पर पड़ताल करा रहे हैं।

**– श्रीकृष्ण लालचंदानी, एएएसपी**

## बढ़ता रेत माफिया का आतंक... अवैध रेत से लदे ट्रैक्टर मालिक ने तहसीलदार से की झूमाझपटी



शहडोल। शहडोल जिले के ब्यौहारी थाना क्षेत्र के साखी गांव में तहसीलदार शनि द्विवेदी के साथ रेत के अवैध कारोबारी ने गाली गलौज कर अभद्रता की और उनके सामने रेत भरे ट्रैक्टर को तालाब में ले जाकर खाली कर दिया, ताकि कार्रवाई से बच सके। घटना के बाद तहसीलदार ने अपने वरिष्ठ अधिकारियों और पुलिस को सूचना दी।

सूचना मिलते ही पुलिस वहां पहुंची और ट्रैक्टर ट्राली को जब्त कर थाने में खड़े कर जांच कर रही है। तहसीलदार ने बताया कि वह साखी गांव में एक जमीनी विवाद के मामले में सीमांकन करवाने जा रहे थे। रास्ते में राजस्व की भूमि से एक ट्रैक्टर रेत का अवैध परिवहन करते मिला। वाहन चालक को ट्रैक्टर से साइड लेने के लिए हूटर बजाया, तो ट्रैक्टर चालक ने फोन से अपने वाहन मालिक आशीष तिवारी को सूचना दी। रेत लदे वाहन को तालाब में उतार दिया इसके बाद तहसीलदार के वाहन को साइड देते हुए ट्रैक्टर चालक वाहन खड़ा कर भाग गया। इसके बाद ट्रैक्टर मालिक आशीष तिवारी निवासी साखी भी वहां पहुंच गया। ट्रैक्टर मालिक को लगा कि तहसीलदार उसके वाहन को जब्त करने आए हैं, तो वह तहसीलदार से विवाद करने लगा। अपने भतीजे को भी बुला लिया और तहसीलदार को गाली गलौज की। इसी बीच भतीजे ने रेत लदे वाहन को पास में तालाब में उतार कर पानी में रेत गिरा दी। तहसीलदार ने यह भी बताया कि वह सीमांकन के मामले में यहां आए थे, वाहन को जब्त करने नहीं। इसके बाद भी आरोपियों ने तहसीलदार से झगड़ते हुए कहने लगे कि तुम्हें अधिकार नहीं है, तुम वाहन को जब्त करो।



दैनिक हिन्दकुश

# युवाओं में देशभक्ति की ज्योत जगा रही है सामाजिक संस्था सेवा सुरभि

## 225 से अधिक कार्यक्रमों के माध्यम से लाखों नागरिकों को वितरित किए राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा

इंदौर। सामाजिक संस्था सेवा सुरभि युवाओं के दिलों में देशभक्ति और राष्ट्रप्रेम की ज्योत जलाने के लिए विगत 22 वर्षों से सतत कार्य कर रही है। मध्यप्रदेश के प्रमुख शहर इंदौर की यह संस्था राष्ट्रीय पर्व 15 अगस्त और 26 जनवरी के अलावा अन्य अवसरों पर भी देशभक्ति से जुड़े कार्यक्रम आयोजित करती है। सबसे बड़ा आयोजन 26 जनवरी- गणतंत्र पर सम्पन्न होता है, जिसमें एक पखवाड़ा तक सामूहिक देशभक्ति गीत प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता, कवि सम्मेलन, युवाओं की रैली, अनाम शहीदों के नाम, मोमबत्ती प्रज्ज्वलित करना, शहीदों के परिजनों का सम्मान करना आदि कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं। इस सम्पूर्ण आयोजन में प्रतिवर्ष 10 हजार से अधिक स्कूल-कॉलेज के छात्र-छात्राओं सहित आम नागरिक शामिल होते है।

सेवा सुरभि के संयोजक श्री ओमप्रकाश नरेड़ा बताते है कि करीब 22 वर्ष पूर्व स्कूल के साथियों ने तय किया कि कुछ ऐसे अभिनव कार्यक्रम किये जाएं जिससे युवाओं के दिलों




में देशप्रेम की लौ वर्षभर प्रज्ज्वलित होती रहें। इसके लिए राष्ट्रीय पर्वों को बड़े पैमाने पर मनाने का निर्णय लिया गया। श्री नरेड़ा बताते है कि हमारा समाज होली, दीपावली, रक्षाबंधन और दशहरा जैसे सामाजिक और धार्मिक त्योहार तो पूरी श्रद्धा और ईमानदारी से मनाते हैं, लेकिन वैसा उल्लास 15 अगस्त- स्वतंत्रता दिवस और 26 जनवरी- गणतंत्र दिवस पर नजर नहीं आता है, इसलिए राष्ट्रीय पर्वों को हर्षोल्लास के साथ मनाना शुरू किया। 15 अगस्त पर ध्वजारोहण के कार्यक्रम के साथ-साथ स्कूल-कॉलेज के छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे का वितरण किया जाता है। साथ ही उन्हें राष्ट्रीय पर्वों के महत्व के बारे में विस्तार से बताया जाता है। 26 जनवरी- गणतंत्र दिवस पर बड़ा आयोजन झण्डा ऊँचा रहे हमारा अभियान के तहत किया जाता है। इस आयोजन की सबसे बड़ी खासियत यह है कि राष्ट्रीय पर्व के एक पखवाड़ा पूर्व ही इंदौर के गांधी प्रतिमा चौराहा पर एक विशाल और सुन्दर इंडिया गेट की प्रतिकृति लगा दी जाती है। प्लायवुड और कपड़े से बनी इंडिया गेट की इस प्रतिकृति की ऊँचाई 25 फीट और चौड़ाई 18 फीट होती है। 6 फीट मोटाई इसकी दीवार होती है। इसके साथ एक शहीद स्मारक बनाया जाता है जो 2 फीट चौड़ा और 8 फीट ऊँचा होता है। यहीं पर एक मशाल चौबीसों घण्टे प्रज्ज्वलित होती है। एक पखवाड़े तक बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राएं से लेकर हर उम्र के नागरिक यहाँ आकर शहीदों को पुष्पाजंलि अर्पित करने के साथ देशभक्ति से ओतप्रोत राष्ट्रीय गीत गाते हैं। गणतंत्र दिवस के दिवस पूर्व बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं और आमजन अनाम शहीदों के नाम मोमबत्ती जलाकर श्रृद्धांजलि देते हैं।

श्री नरेड़ा आगे बताते है कि इस दौरान अंतर्विद्यालयीन सामूहिक देशभक्ति गीत प्रतियोगिता से लेकर चित्रकला प्रतियोगिता कवि सम्मेलन, रैली, संगोष्ठी, वाद-विवाद प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता आदि कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं। प्रतियोगिता में विजेताओं को देशभक्ति से ओत-प्रौत प्रेरक पुस्तकें पुरस्कार स्वरूप प्रदान की जाती है। इन सबका उद्देश्य युवाओं के मन में देशभक्ति की ज्योत जलाना और उन्हें उन अमर बलिदानियों के इतिहास से अवगत कराना, जिनके कारण इस देश को अंग्रेजों गुलामी से मुक्ति मिली। सेवा सुरभि के आयोजन में विशेषकर युवावर्ग बड़ी संख्या में उपस्थित होता है।

## हेलमेट पर जनता का गुस्सा शांत करेगी भाजपा, मुफ्त में बटेंगे हजारों हेलमेट



इंदौर। हेलमेट की अनिवार्यता से उपजे जनाक्रोश को शांत करने के लिए भाजपा ने ठोस योजना तैयार कर ली है। जल्द ही जिला प्रशासन उद्योगपतियों, व्यापारियों और सामाजिक संगठनों के प्रमुखों की बैठक बुलाएगा। इस बैठक में जनता को हेलमेट लगाने के लिए अतिरिक्त समय देने का निर्णय लिया जाएगा। इसके साथ ही विभिन्न सरकारी विभागों और सामाजिक संगठनों की ओर से निशुल्क हेलमेट वितरण अभियान भी शुरू किया जाएगा। भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने कहा कि हेलमेट अनिवार्य करने का निर्णय सड़क दुर्घटनाओं में मौतों को रोकने के लिए बेहद जरूरी है, लेकिन ऐसे निर्णय लागू करने से पहले पर्याप्त तैयारी भी होनी चाहिए। हाल ही में भाजपा कार्यालय में सभी विधायकों के साथ इस विषय पर चर्चा हुई, जिसमें कई विधायकों ने अचानक इस नियम के लागू होने पर नाराजगी जताई। सुमित मिश्रा ने बताया कि कलेक्टर आशीष सिंह से इस विषय पर बातचीत हो चुकी है। इसके बाद इंदौर के उद्योगपतियों, व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारियों, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों और बुद्धिजीवियों की बैठक आयोजित की जाएगी। इस बैठक में सभी की राय लेकर हेलमेट लागू करने की नई तिथि तय की जाएगी। तय तिथि तक नागरिकों को हेलमेट खरीदने के लिए पर्याप्त समय मिलेगा, जिससे नियम लागू होते ही सभी के पास हेलमेट उपलब्ध हो सके।

## इंदौर के मालवा मिल मार्ग के अधूरे ब्रिज से गिरा वाहन चालक, गंभीर चोट आई



इंदौर। इंदौर के मालवा मिल-पाटनीपुरा ब्रिज को चार माह में बनना था, लेकिन अभी तक 40 प्रतिशत काम भी नहीं हो पाया है। ब्रिज का काम भी ठेकेदार ने अधूरा छोड़ रखा है और सुरक्षा के इंतजाम भी नहीं है। इस कारण रविवार रात एक दोपहिया वाहन चालक नाले में गिरकर घायल हो गया। लोगों ने उसे नाले से निकाला और अस्पताल पहुंचाया। युवक को गंभीर चोटें आई है। ब्रिज के आसपास बेरिकेड भी नहीं लगाए गए थे। इस कारण यह हादसा हुआ। घायल का दोपहिया वाहन भी नाले में फंस गया था। शहर के व्यस्त मार्ग मालवा-मिल पाटनीपुरा मार्ग चौड़ीकरण चार साल पहले किया गया था, लेकिन तब नगर निगम ने खतरनाक हो चुके ब्रिज को साथ में नहीं बनाया। सड़क 80 फीट चौड़ी बन गई और ब्रिज 40 फीट चौड़ा रहा गया। जब ट्रैफिक जाम होने लगा तो निगम को ब्रिज बनाने की याद आई। इस कारण चार माह से मार्ग के ट्रैफिक को डायवर्ट कर दिया गया है।

# परिवार व समाज को धर्म संस्कृति से जोड़े रखने का लिया संकल्प

इंदौर। वर्तमान भौतिकता के दौर में परिवार और समाज को एकजुट रखने के लिए धर्म संस्कृति और संस्कारों का समावेश अत्यंत जरूरी हो रहा है, इसके लिए आवश्यक है कि हम सभी परिवार के साथ कुछ समय जरूर बिताए और आपसी गतिविधियों और दिनचर्या पर चर्चा करें ताकि मन के विकारों का आपस में समावेश हो सके और हम सभी को परिवार समाज के दायित्वों का बोध भी हो सके।



यह बाते पश्चिम मध्य प्रदेश प्रादेशिक महेश्वरी महासभा और पश्चिम मध्य प्रदेश प्रादेशिक महेश्वरी युवा संगठन के आयोजन महेश नगर स्थित समाज धर्मशाला पर अतिथियों के द्वारा कहे। प्रचार प्रमुख गोपाल दास राठी ने बताया कि रविवार के दिन बड़ी संख्या में समाज जन परिवार के साथ महेश नगर स्थित समाज धर्मशाला पर एकत्रित हुए । सुबह अखिल भारतीय युवक युवती परिचय सम्मेलन के कार्यालय का शुभारंभ हुआ। इस आयोजन में संरक्षक महेश मुंगड,अनिरुद्ध साहू, अशोक ईनानी, राजेंद्र ईनानी की प्रमुख भूमिका रहेगी ।कार्यक्रम में अतिथि माहेश्वरी समाज के जिला अध्यक्ष रामस्वरूप धुत, मंत्री मुकेश असावा, पुष्प माहेश्वरी, अजय झवर, प्रकाश अजमेरा,अभिषेक बजाज, शोभा महेश्वरी, सत्यनारायण मंत्री, राजेश मुंगाड, सीमा गंगरानी, रश्मि लड्डा, दीपक लोया, सुरेश लखोटिया, अशोक सोमानी, मनीष गंगरानी, मधुसूदन मुंगड अंकित झवर आदि ने किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से अतिथियों के द्वारा सामाजिक चेतना और सामाजिक जवाबदारियों के निर्वाण का संकल्प लिया गया। तीन सप्ताह बाद 6 व7 सितंबर को होने वाले इस भव्य आयोजन के लिए शहर में अलग-अलग शहर में युवा, महिलाओं और प्रौढ़ जनों की टीम लगातार कार्य कर रही है। विवाह योग्य युवक युवती परिचय सम्मेलन के लिए देश विदेश की प्रतिभाएं शामिल होगी वहीं समाज में सकारात्म संदेश पहुंचने के लिए भी कार्य योजना पर अमल होगा।

## हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग अभियान की उच्चस्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दिए निर्देश

इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि आजादी अनमोल है। आजादी सिर्फ़ एक अधिकार मात्र नहीं है, यह हमें देश के विकास में हर संभव योगदान देने का कर्तव्यबोध भी कराती है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता, शुचिता और मेड इन इंडिया प्रोडक्ट्स (स्वदेशी वस्तुएं) अपनाने की जागरूकता को भी हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान से जोड़ा जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अभियान के दौरान प्रभावी गतिविधियां की जाएं। इसे ऑपरेशन सिंदूर के सैन्य पराक्रम से जोड़कर युवाओं की सहभागिता बढ़ाएं। अधिक से अधिक तिरंगा यात्रा, तिरंगा रैली, मानव श्रृंखलाएं, साइकल रैली, बाइक रैली, रंगोली प्रतियोगिता और देशभक्ति से जुड़े सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कर अभियान में अधिकतम जनभागीदारी सुनिश्चित की जाए।




## मंत्री श्री सिलावट ने दो मृतक बच्चों के परिजनों से मिलकर दुखद मृत्यु पर व्यक्त किया शोक



इंदौर। जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने इंदौर के बाणगंगा थाना क्षेत्र में गत दिनों दो बच्चों की डूबने से हुई मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त किया है। मंत्री श्री सिलावट ने मृतक बच्चों के निवास पर पहुंचकर परिजनों को ढांढस बंधाया। ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति और शोक संतप्त परिजनों को यह दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है। उन्होंने बताया कि घटना में मृत हुए दोनों बच्चों कालंदी गोल्ड सिटी भांगिया के दिव्यांशु उम्र (11) वर्ष पिता श्री जितेन्द्र तथा कुलदीप मुगाटे उम्र (12) वर्ष पिता श्री अनिल मुगाटे के परिजनों को शासन द्वारा चार-चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी गई है। मंत्री श्री सिलावट ने कहा कि राज्य शासन पीड़ित परिवारों के साथ है और आगे भी हरसंभव सहायता प्रदान की जाएगी।

# रक्षा राज्य मंत्री एवं नगरीय विकास मंत्री द्वारा इंदौर में पौधारोपण

## बीएसएफ परिसर एवं पितृ पर्वत के पीछे 11-11 हजार पौधों का रोपण

इंदौर। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री श्री संजय सेठ द्वारा आज एक बगिया मां के नाम अभियान अंतर्गत इंदौर में बड़े स्तर पर पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर बीएसएफ परिसर एवं पितृ पर्वत के पीछे गांधीनगर थाने के पास 11-11 हजार पौधों का रोपण कार्य शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय, विधायकगण श्री महेंद्र हार्डिया, श्री रमेश मेंदोला, श्री गोलू शुक्ला, श्री मधु वर्मा, तथा श्री नगर अध्यक्ष श्री सुमित मिश्रा सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।



केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री श्री संजय सेठ ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में इंदौर का योगदान सराहनीय है। मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय के नेतृत्व में इंदौर ने विगत वर्ष 51 लाख से अधिक पौधे लगाकर एक बड़ा लक्ष्य हासिल किया है, जो नागरिकों के सहयोग से संभव हुआ। एक पेड़ मां के नाम एवं एक बगिया मां के नाम अभियान से पूरे भारत में पर्यावरण संरक्षण का संदेश गया है। जिस प्रकार इंदौर ने स्वच्छता में लगातार आठवीं बार प्रथम स्थान प्राप्त किया है, उसी तरह हरियाली और पर्यावरण में भी इंदौर देश का अग्रणी शहर बनेगा। पर्यावरण संरक्षण के लिए इंदौर ने जो काम किया है, उसका अनुसरण देश के अन्य शहर करके यह मुकाम प्राप्त कर सकते हैं।

## पूज्य साध्वीवार्या अमिझरा श्री जी महाराज सा डोल यात्रा निकली



इंदौर। परम् पूज्य मातृ हरदया अमित गुना श्री जी महाराज साहब की सुशिष्या सरल स्वभावी मधुर कंठी अमीझरा श्री जी म.सा.की अंतिम डोल यात्रा अमित आराधना भवन हाई लिंक सिटी से रविवार सुबह प्रारंभ होकर पंचकुइया पहुँच कर दाह क्रिया संपन्न किया हजारो भक्तों ने गुरुदेव को जय जय नंदा जय जय भद्दा के नारों के साथ अपने गुरुवर्या जी को अंतिम बिदाई दी। डोल यात्रा से पहले आचार्य भगवंत विश्व रत्न सूरीश्वरजी, आचार्य भगवंत मृदु रत्न सूरीश्वरजी ,आचार्य भगवंत पीयूष भद्र सूरीश्वरजी आदि श्रमण, श्रमणी भगवंत ने मांगलिक अंतिम मांगलिक सुनाकर बिदाई दी।




वन्दे देव उमापतिम सुरगुरुं वन्दे जगत् कारणं, वन्दे पन्नग भूषणं मृग्धरम
वन्दे पशूनाम्पतिम, वन्दे सूर्य शशांक वहिनयनम वन्दे मुकुंदप्रियम,
वन्दे भक्त जनाश्रयम च वरदम वन्दे शिवम् शंकरं !
भूतभावन बाबा श्री महाकालेश्वर भगवान सभी को आरोग्यता प्रदान करें ।

# भोले-शंभू भोलेनाथ के जयकारों से गुंजायमान हुई सम्पूर्ण अवंतिका नगरी

उज्जैन। भगवान श्री महाकालेश्वचर की श्रावण-भाद्रपद माह में निकलने वाली सवारियों के क्रम में पंचम सोमवार को सायं 04 बजे परम्परानुसार श्री महाकालेश्वर भगवान की सवारी धूमधाम से निकली। सवारी में भगवान श्री महाकालेश्वर ने पॉच विभिन्न स्वरूपों में भक्तों को दर्शन दिये।

जिसमें पालकी में श्री चन्द्रमोलेश्वर, गजराज पर श्री मनमहेश, बैलगाडी में गरूड पर शिवतांडव, बैलगाडी में नंदी पर श्री उमा-महेश एवं बैलगाड़ी में श्री होल्कर के स्वरूप में विराजमान होकर अपनी प्रजा का कुशलक्षेम जानने नगर भ्रमण पर निकले।

श्री महाकालेश्वर भगवान की पंचम सवारी निकलने के पूर्व श्री महाकालेश्वर मंदिर के सभामंडप में भगवान श्री चंद्रमोलेश्वर का षोडोपचार पूजन अर्चन किया गया। पूजन शासकीय पुजारी पं. घनश्याम शर्मा ने सम्पन्न करवाया।

सभामंडप में पूजन उपरांत अवंतिकानाथ भगवान श्री चंद्रमोलीश्वर के स्वरूप में पालकी में सवार होकर अपनी प्रजा का हाल जानने और भक्तों को दर्शन



देने के लिए नगर भ्रमण पर निकले। पालकी जैसे ही श्री महाकालेश्वर मंदिर के मुख्य द्वार पर पहुंची, सशस्त्र पुलिस बल के जवानों द्वारा रजत पालकी में विराजित भगवान श्री चन्द्रमोलेश्वर को सलामी (गार्ड ऑफ ऑनर) दी गई।

राजाधिराज भगवान श्री महाकालेश्वर की सवारी में लाखो भक्त भगवान शिव का गुणगान करते हुए तथा विभिन्न भजन मंडलियां झांझ-मंजीरे, डमरू बजाते हुए चल रहे थे।

सवारी अपने परम्परागत मार्ग से होती हुई रामघाट पहुँची। जहाँ रामघाट पर माँ क्षिप्रा के जल से भगवान का अभिषेक और पूजन किया गया। पूजन-अभिषेक व आरती उपरांत सवारी रामानुजकोट, मोढ की धर्मशाला, कार्तिक चौक, खाती का मंदिर, सत्यनारायण मंदिर, ढाबा रोड, टंकी चौराहा, छत्री चौक, गोपाल मंदिर पहुंची। जहॉ सिंधिया ट्रस्ट के पुजारी द्वारा पालकी में विराजित भगवान श्री चन्द्रमोलेश्वर का पूजन किया गया। इसके पश्चात सवारी पटनी बाजार और गुदरी चौराहे से होती हुई पुनः श्री महाकालेश्वर मंदिर पहुंचने के पश्चात सवारी का विश्राम हुवा।

4 जनजातीय कलाकारों के दलों ने सवारी में सहभागिता की

मध्यप्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव की मंशानुरूप बाबा श्री महाकालेश्वर की सवारी को भव्य स्वरुप देने के लिए 04 जनजातीय कलाकारों के दल श्री महाकालेश्वर भगवान की पंचम सवारी में सहभागिता की।

जिसमे बैतूल से श्री मिलाप इवने के नेतृत्व में गोण्ड जनजातीय ठाट्या नृत्य, खजुराहो से श्री गणेश रजक के नेतृत्व कछियाई लोक नृत्य, दमोह से श्री पंकज नामदेव नेतृत्व में बधाई लोक नृत्य एवं डिण्डोरी के श्री सुखीराम मरावी के नेतृत्व गेडी जनजातीय नृत्य की प्रस्तुतियां देते हुए सम्मिलित हुए।

यह सभी दल श्री महाकालेश्वर भगवान की सवारी के साथ अपनी प्रस्तुति देते हुए चले। जनजातीय दलों ने संस्कृति विभाग भोपाल, जनजातीय लोक कला एवं बोली विकास अकादमी मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद व त्रिवेणी कला एवं पुरातत्व संग्रहालय के माध्यम से भगवान श्री महाकालेश्वर जी की पंचम सवारी में सहभागिता की गई।

# मिती शर्मा ने क्रिप्टिक क्रॉसवर्ड प्रतियोगिता में लहराया विक्रम विश्वविद्यालय का परचम



उज्जैन। विक्रम विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ स्टडीज़ इन इंग्लिश की शोधार्थी मिती शर्मा ने अपनी विद्वता, भाषा कौशल और तर्कशक्ति का परिचय देते हुए नेशनल इंटर-कॉलेज क्रॉसवर्ड एक्सपेडिशन (एनआईसीई) 2025 के जोनल राउंड में प्रवेश कर लिया है। यह भारत की सबसे प्रतिष्ठित इंटर-यूनिवर्सिटी क्रिप्टिक क्रॉसवर्ड प्रतियोगिता है, जिसे अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई), आईआईएम मुंबई, आईआईटी मद्रास और एक्स्ट्रा सी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जाता है।

यह प्रतियोगिता न केवल भाषा ज्ञान को परखती है, बल्कि प्रतिभागियों की तार्किक सोच, विश्लेषणात्मक दृष्टिकोण और तेज बुद्धि की भी परीक्षा लेती है। मिती शर्मा की यह सफलता इस बात का प्रमाण है कि विक्रम विश्वविद्यालय के विद्यार्थी न केवल अकादमिक क्षेत्रों में बल्कि राष्ट्रीय स्तर की साहित्यिक प्रतियोगिताओं में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। एनआईसीई 2025 प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य भारत के उच्च शिक्षा संस्थानों के छात्रों के बीच शब्दों के खेल, आलोचनात्मक चिंतन और रचनात्मक लेखन जैसी क्षमताओं को विकसित करना है। यह प्रतियोगिता राष्ट्रीय स्तर पर छात्रों को एक मंच देती है जहाँ वे भाषाई क्षमता और बुद्धिमत्ता के आधार पर प्रतिस्पर्धा कर सकें। इस वर्ष, देशभर के हजारों कॉलेजों और विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता के लिए पंजीकरण कराया। इसके तहत मई 2025 में चार चरणों में ऑनलाइन प्रारंभिक राउंड आयोजित किए गए। इन सभी राउंड्स में से केवल चुनिंदा प्रतिभागियों को ही जोनल राउंड के लिए चयनित किया गया। मिती शर्मा ने इस कड़ी प्रतिस्पर्धा को पार करते हुए जोनल राउंड में स्थान बनाया है।

## भाजपा महाराजवाड़ा मंडल में निकाली तिरंगा यात्रा

उज्जैन। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर राष्ट्व्यापी 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत उज्जैन दक्षिण विधानसभा के महाराजवाड़ा मंडल में अध्यक्ष सतीश सिन्दल के नेतृत्व में भव्य तिरंगा यात्रा निकली गई।

यात्रा में नगर निगम सभापति कलावती यादव, भाजपा नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल, रवि सोलंकी, जिला मंत्री पंकज मिश्रा, महामंत्री इंदर चौधरी, जितेंद्र आँजना, विजय चौधरी, करण सिंह, विनोद यादव, द्रुपद सिंह, प्रकाश जायसवाल, गोपाल अग्रवाल, कुंदन माली, विनोद यादव, सचिन वर्मा, अजय शुक्ला, दीपक कुमावत, कमलेश खत्री, फारूक पहलवान, संजय चौकसे, मंत्री सोनू बिजोरिया, रफीक शेख, भावना माली, संजय आंजना, अशोक माली आदि।

## रामायण केंद्र उज्जैन इकाई प्रतियोगिता में अव्वल रही बालिकाओं का किया सम्मान



उज्जैन। रामायण केंद्र उज्जैन इकाई ने पिछले दिनों तुलसी जयंती पर ÷रामायण के विभिन्न पात्रों की वर्तमान समय में प्रासंगिकता÷ विषय पर शहर के विभिन्न स्कूलो में व्याख्यान प्रतियोगिता संपन्न कराई गई। इस प्रतियोगिता का अंतिम निर्णायक चयन हिंदी और रामचरित विभाग सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय उज्जैन में किया गया। निर्णायक मंडल में विश्वविद्यालय के कुलानुशासक प्रो. शैलेन्द्र शर्मा, प्रो. जगदीश शर्मा, प्रो. गीता नायक, प्रधानमंत्री एक्सीलेंस कॉलेज माधव कॉमर्स एंड आर्ट्स कॉलेज दर्शशास्त्र विभाग की प्रो. शोभा मिश्रा, प्रो. जफर महमूद थे। अंतरविद्यालयीन प्रतियोगिता में कक्षा 9वीं से 12वीं के विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। इनमें आलोक हॉयर सेकेंडरी स्कूल से तीन छात्रा क्रमशः प्रथम दिव्यांशी दुबे, द्वितीय तृप्ति चौहान और तृतीय माही ठाकुर का चयन हुआ। रामायण केंद्र उज्जैन के संयोजक डॉ. प्रवीण जोशी ने बताया कि व्याख्यान प्रतियोगिता का विचार, सनातन, आध्यात्म और दर्शन के लिए समर्पित वरिष्ठ समाजसेवी हरि सिंह यादव और उनकी रजिस्टर्ड संस्था श्री हरि आध्यात्मिक सनातन सेवा संस्था के द्वारा किए जा रहे कार्यों से प्रेरित होकर तुलसी जयंती मनाने का निर्णय लिया गया।

# वाल्मिकी समाज अधिकारी कर्मचारी संघ सम्पूर्ण भारत इकाई उज्जैन ने किया छड़ियों का स्वागत



### भुजरिया महापर्व पर निकला गोगाजी जाहरवीर के छड़ियों (निशानों) का चल समारोह

उज्जैन। राष्ट्रीय संत बालयोगी उमेश नाथजी महाराज राज्य सभा सांसद के नेतृत्व मे भुजरिया महापर्व पर वाल्मिकी समाज के आराध्य देव गोगाजी जाहरवीर के छड़ियों (निशानों) चल समारोह निकाला गया।

इस चल समारोह मे उज्जैन से लेकर अन्य जिलों की छड़िया (निशान) सम्मिलित हुये। इस शुभ अवसर पर वाल्मिकी समाज अधिकारी कर्मचारी संघ सम्पूर्ण भारत इकाई उज्जैन के द्वारा गोपाल मन्दिर के पास मंच लगाकर छड़ियों निशानो का स्वागत सम्मान किया गया। इस दौरान हेमराज घावरी उज्जैन संभाग अध्यक्ष, जीतेन्द्र भाटी उज्जैन संभाग कौर कमेटी अध्यक्ष, रवि सिहोते उज्जैन जिला अध्यक्ष, दिनेश लावरे संभाग महामंत्री, कुन्दन गिरजे संभाग मंत्री, कमल फतरोड़ जिला सचिव, दिनेश तंवर जिला कोषाध्यक्ष, कमल गोयल, ओ. पी. लोट, मुकेश सारवान आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे। यह जानकारी जिला मीडिया प्रभारी अजय डागर ने दी।

# श्री गणेशोत्सव कार्यक्रम पत्रिका का विमोचन



उज्जैन। महाराष्ट्र समाज द्वारा 27 अगस्त से 6 सितंबर तक वृहद रूप से मनाये जाने वाले श्री गणेशोत्सव हेतु श्री गणेशोत्सव कार्यक्रम पत्रिका का विमोचन किया गया। पत्रिका का समाज के 3 हजार घरों में वितरण किया जाएगा।

समाज सचिव सुशील मुले ने बताया कि विमोचन कार्यक्रम के अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी चंद्रकांत फटाले, संजय देवधर, आरती वझे, श्री गणेशोत्सव समिति अध्यक्ष मनोज कार्लेकर, संयोजक संजय दिवटे, कोषाध्यक्ष संदीप विपट, रविंद्र मुले, सदाशिव नायगांवकर के हस्ते किया गया। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष पंकज चांदोरकर, सहसचिव मिलिंद पन्हालकर, प्रदीप जोग, निलेश फडणीस, अतुल मुजुमदार, रेणुका रागणेकर, अमित सुपेकर, चंद्रशेखर केलकर आदि उपस्थित थे। संचालन सुशील मुले ने किया। आभार अनिरूध्द पुराणिक ने माना।

## रामायणजी के महापारायण पर हुई महाआरती, हजारों भक्तों ने ग्रहण की महाप्रसादी



उज्जैन। बाबा महाकाल की धार्मिक नगरी में प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी ओमकार दास गुरु व्यायामशाला उर्दूपुरा में रामायणजी के महा पारायण के उपलक्ष में महाआरती एवं भंडारे का आयोजन किया गया।

लगातार 24 वर्षों से प्रति माह होने वाली रामायण महारानी परायण का आयोजन वार्ड क्रमांक 9 की पार्षद सपना जितेंद्र सांखला द्वारा किया गया। विशेष रूप से महाआरती में भरतरी गुफा के पीर महंत राम नाथजी महाराज शामिल हुए। पार्षद सपना सांखला ने बताया कि आरती कर हनुमान जी से उज्जैन में अच्छी बारिश के लिए प्रार्थना कीं सभी खुशहाल हों, निरोगी रहें, पेड़-पौधे हरे-भरे रहें और किसानों की फसलें अच्छी हों एवं शहर की समृद्धि और प्रकृति के संरक्षण की कामना की गई। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आए हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं एवं समाज के लोगों ने हनुमान जी से आशीर्वाद लेकर प्रसादी ग्रहण की। कार्यक्रम के अंत में मंदिर समिति द्वारा पीर महंत राम नाथ जी महाराज का शाल श्रीफल से सम्मान किया और मंदिर प्रांगण में आतिशबाजी की गई। इस मौके पर मारवाड़ी माली समाज के अध्यक्ष मोती भाटी, रामी माली समाज के अध्यक्ष गजानंद माली, मंगलनाथ मंदिर के महंत अमर भारती, पत्नेश्वर महादेव मंदिर के महंत रितेश गुरुजी, कथावाचक पंडित कमलेश शर्मा, युवा मंच सत्संग समिति के अध्यक्ष मनोहर परमार, गोपाल बागरवाल, किशोन भाटी, बाबूलाल मारोठिया, वीरेंद्र मंडलोई, अभय मेहता, दिलीप जैन, सुधीर सांखला, अभिषेक देवड़ा, वीरेंद्र गेहलोद, राजा ठाकुर, पप्पू शर्मा एवं सभी वरिष्ठ आशीर्वाददाता और युवा साथी, सामाजिक और पारिवारिक लोग उपस्थित रहे।

स्वामी हिन्दकुश मीडिया के लिए संपादक, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती सीमा वशिष्ठ द्वारा 124, महाश्वेता नगर उज्जैन, (म.प्र.) से प्रकाशित तथा 6 निर्माण नगर उज्जैन, (म.प्र.) से मुद्रित, मो. 09826322221, परम चैतन्य 09329640700 Email : hindkushmedia@gmail.com